तापमान
अधिकतम 36.0 डिग्री
न्यूनतम 26.0 डिग्री

हरिभूमि कांकेर भूमि
रायपुर, बुधवार, 21 मई 2025

12 राज्यपाल के प्रवास को लेकर कलेक्टर...



12 धर्मनाथ जिनालाय की 50वीं वर्षगांठ पर गुरु...





## खबर संक्षेप

### धान फड़ के पास जुआ खेलते तीन जुआरी पकड़ाए



**कांकेर।** पखांजुर थानांतर्गत ग्राम पीव्ही 41 धान फड़ के पास जुआ खेल रहें तीन जुआरियों को पुलिस ने दबोचा। जुआरियों के कब्ते से तास पत्ती व नगद को जप्त किया गया। जानकारी के अनुसार 19 मई को रात 10 बजें पीव्ही 40 पुरूषोत्तमनगर निवासी 37 वर्षीय सुब्रत बड़ई पिता सुभाष, पीव्ही 40 पुरूषोत्तम नगर निवासी 38 वर्षीय असीम बड़ई पिता अनंत बड़ई और पीव्ही 41 निवासी 36 वर्षीय शशी बड़ई पिता सुखरंजन बड़ई तास के पत्ती 52 पत्ती से रूपएं पैसे का दांव लगाकर हार जीत का जुआ खेल रहे थे। कार्यवाही के दौरान पुलिस को आता देख कुछ लोग भागने में कामयाब हुए। मौके पर जुआरियों के कब्जे से कुल 1 हजार 230 रूपएं, तास के 52 पत्ती, एक नग सफेद रंग का गमछा को जप्त किया गया। आरोपियों के खिलाफ धारा 3 (2) जुआ एक्ट के तहत मामला दर्ज कर विवेचना में लिया है।

### राज्यपाल आज से कांकेर जिले के दो दिवसीय प्रवास पर रहेंगे

**कांकेर।** छत्तीसगढ़ के राज्यपाल रमेन डेका दो दिवसीय प्रवास के



तहत 21 मई को दोपहर 3 बजकर 35 मिनट पर अलबेलापारा हेलीपेड पहुंचेंगे। हेलीपेड से सीधे जिला पंचायत परिसर पहुंचेंगे, जहां एक पेड़ मां के नाम के तहत पौधारोपण करेंगे। पौधारोपण के उपरांत जिला पंचायत के सभाकक्ष में जिला स्तरीय अधिकारियों की बैठक लेंगे। इसके पश्चात सायं साढ़े 5 बजे केन्द्र प्रवर्तित योजनाओं के तहत जिले में क्रियान्वयन का अवलोकन एवं निरीक्षण करेंगे। निरीक्षण के उपरांत शासकीय विश्राम गृह में 6 बजे पहुंचेंगे एवं रात्रि विश्राम करेंगे। दूसरे दिन 22 मई को राज्यपाल सुबह 09 बजे विश्राम गृह से जंगलवार कॉलेज के लिए प्रस्थान करेंगे, जंगलवार की गतिविधियों का अवलोकन करेंगे। इसके उपरांत सुबह सवा दस बजे अलबेलापारा हेलीपेड से जिला कोण्डागांव के लिए रवाना होंगे।

### घर में शराब पीने की सुविधा देते युवक पकड़ाया

**कांकेर।** पखांजुर पुलिस को मुखबिर से जानकारी मिला था कि ग्राम आड़ाफरसी का दीनू आंचला अपने घर आंगन में आने जाने वाले लोगों को शराब पीने की सुविधा उपलब्ध कराकर शराब पिला रहा है। जानकारी की तस्दीक करने के बाद 19 मई कि रात 12 बजे पुलिस ने छापामार कार्वाई किया। पुलिस को आता देख शराब पीने वाले भाग निकले। मौके पर आरोपी आड़ाफरसी निवासी 21 वर्षीय दीनू आंचला पिता अंतु आंचला को पकड़ा गया, जो अपने घर आंगन में आम लोगों को शराब पीने की सुविधा उपलब्ध कराते रंगे हाथों मिला। कब्जे से 3 नग डिस्पोजल गिलास, बाजारू मिक्चर व 300 एमएल महुआ शराब कीमती 60 रुपए को जब्त कर धारा 36 (सी) आबकारी एक्ट के तहत मामला दर्ज किया गया।

### बाइक चालक के खिलाफ अपराध कायम

**कांकेर।** भानुप्रतापपुर थानांतर्गत ग्राम मालापारा भीरागांव के पास 2 मई को हुई सड़क दुर्घटना में मौत होने पर पुलिस ने मर्ग कायम कर विवेचना में लिया था। विवेचना में पाया गया कि आरोपी मोटर सायकल के चालक ने 2 मई कि रात साढ़े 8 बजे अपने वाहन को तेज व लापरवाहीपूर्वक चलाते हुए एक्सीडेंट कर दिया, जिससे आई चोट के कारण उसकी मौत हो गई। पुलिस ने मर्ग कायम कर विवेचना में लिया है।

# सीबीएसई के छात्र व छात्राएं उत्तरपुस्तिकाओं की स्कैन कॉपी कर सकते हैं हासिल

## स्कैन कापी के 10 वीं को 500 और 12 वीं के विद्यार्थी को चुकाने होंगे 700 रुपए

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कांकेर

केंद्रीय माध्यमिक शिक्षा बोर्ड ने 10 वीं और 12 वीं की बोर्ड परीक्षा 2025 के लिए परिणाम के

- अंकों के वेरिफिकेशन, आंसरों के पुनर्मूल्यांकन या दोनों के लिए कर सकेंगे आवेदन

बाद की प्रक्रिया की घोषणा कर दिया है। आधिकारिक सूचना के अनुसार, छात्र अपनी पसंद के विषयों के लिए अपनी आंसर-शीट की स्कैन की गई कॉपियां प्राप्त कर सकेंगे। स्कैन की गई कॉपियों की समीक्षा करने के बाद, वे अंकों के वेरिफिकेशन, आंसरों के पुनर्मूल्यांकन या दोनों के लिए आवेदन कर सकते हैं।

आधिकारिक सूचना के अनुसार, केवल वे छात्र जिन्होंने अपनी आंसर शीट की फोटोकॉपी के लिए आवेदन किया है, वे नंबरों के वेरिफिकेशन के लिए आवेदन करने के पात्र हैं। बोर्ड ने कहा, फोटोकॉपी प्राप्त करने के बाद, छात्रों को मूल्यांकन में किसी भी गलतियां दिखे तो इसलिए उसे ध्यान से पढ़ें। किसी भी प्रश्न पर दिए गए नंबरों के री-इवैल्यूएशन रिक्वेस्ट या चुनौती केवल थ्योरी पेपर के लिए स्वीकार की जाएगी। अर्थात प्रायोगिक परीक्षाओं के लिए पुनर्मूल्यांकन अथवा पुनर्गणना जैसी सुविधाएं उपलब्ध नहीं हैं। केवल सैद्धांतिक विषयों के लिए ही यह लागू होगा।

### 10 वीं के छात्र 27 मई से कर सकेंगे आवेदन

10 वीं के छात्र 27 मई से 2 जून 2025 तक अपनी मूल्यांक्ति उत्तर पुस्तिकाओं की स्कैन की गई कॉपियां प्राप्त करने के लिए आवेदन कर सकते है। सीबीएसई 10वीं की आंसरशीट की स्कैन की गई प्रतियां प्राप्त करने के लिए छात्रों को प्रति विषय 500 रुपए शुल्क देना होगा। स्कैन की गई प्रतियां प्राप्त करने के बाद, जो छात्र अपने नंबरों से असंतुष्ट है, वे अगले चरण में जा सकते हैं। दूसरे चरण में अंक वेरिफिकेशन, री इवैल्यूएशन या दोनों के लिए आवेदन कर सकते हैं। इस चरण के लिए आवेदन विंडो 3 जून से 7 जून तक खुली रहेगी। नंबर वेरिफिकेशन के लिए छात्रों को प्रति आंसरशीट 500 रुपए का भुगतान करना होगा, जबकि पुनर्मूल्यांकन शुल्क 100 रुपए प्रतिप्रश्न है।





### 12वीं के छात्र आज से कर सकेंगे आवेदन

12वीं कक्षा के छात्रों के लिए सीबीएसई यह प्रक्रिया पहले आरंभ करेगा। सीबीएसई के 12 वीं कक्षा के छात्र 21 मई से 27 मई तक अपनी मूल्यांकित उत्तर पुस्तिकाओं की स्कैन की गई प्रतियों के लिए ऑनलाइन आवेदन कर सकते हैं। अपनी मूल्यांकित उत्तरपुस्तिकाओं की स्कैन की गई कॉपियां प्राप्त करने के लिए आवेदन शुल्क 700 रुपए प्रति विषय है। नंबरों के वेरिफिकेशन, रो-इवेत्यूरशन या दोनों के लिए आवेदन करने की विडो 28 मई से 3 जून तक खुली रहेगी। नंबरों के वेरिफिकेशन, री इवैल्यूशन या दोनों के लिए आवेदन करने का शुल्क दसवीं कक्षा के समान है।

## सफलता : पांचों नक्सलियों को कांकेर जिले के बिनागुंडा गांव से किया गिरफ्तार

# सीआरपीएफ एवं गढ़चिरौली पुलिस ने 36 लाख के इनामी पांच नक्सलियों को दबोचा

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कांकेर

सीआरपीएफ और गढ़चिरौली पुलिस गश्त करते हुए महाराष्ट्र और कांकेर जिले के बार्डर बिनागुंडा जंगल क्षेत्र में गश्त करने निकले थे और मुखबिर की सूचना पर पाँच

- नक्सलियों से हथियार व अन्य सामाग्री की जब्त
- पांचों नक्सली महाराष्ट्र के गढ़चिरौली के नक्सली दलम में थे सक्रिय

नक्सलियों को हिरासत में लेने में कामयाब हुए, इसमें तीन नक्सलियों को गिरफ्तार किया गया है, वहीं दो को हिरासत में लेकर पूछताछ जारी है।

जानकारी के अनुसार गोपनीय सूचना के आधार पर 50 से 60 माओवादी पुलिस कर्मियों पर हमला करने और घात लगाने के इरादे से भामरागढ़ उपविभाग के अंतर्गत उपपोस्ट बिनगुंडा में एकत्र हुए हैं। इसी सूचना पर महाराष्ट्र की स्पेशल एक्सन फोर्स सी-60 की 08 टीमें और ए कंपनी 37 बटालियन 18 मई को सीआरपीएफ की एक टीम उक्त वन क्षेत्र में भेजी गई। सी-60 टीम 19 मई को बिनगुंडा गांव की घेराबंदी की और गांव की तलाशी अभियान शुरू किया गया, तभी देखा गया कि हरे और काले रंग की वर्दी पहने कुछ संदिग्ध और हथियारों के साथ सादे कपड़ों में कुछ लोग पुलिस टीम पर घात लगाने की योजना बना रहे थे। गांव में नागरिक मौजूद थे, इसलिए पुलिस दल ने गोलीबारी नहीं की और अंततः पांच माओवादियों को उनके हथियारों के साथ पकड़ लिया। इस दौरान अन्य माओवादी गांव और जंगल का लाभ उठाकर भागने में सफल रहे।

हिरासत में लिए गए माओवादियों को आगे की पूछताछ के लिए गढ़चिरौली स्थित पुलिस मुख्यालय लाया गया और पूछताछ किया गया। पूछताछ के उपरांत 20 मई को तीन माओवादी 28 वर्षीय उंगी मंगरू होयम उर्फ सुमाली (डीवीसीएम, प्लाटून नंबर 32), निवासी तालका, भैरमगढ़, जिला बीजापुर, 19 वर्षीय पल्लवी केसा मीडियम उर्फ चंडी (पीपीसीएम, प्लाटून नं. 32) निवासी। कोचल, आवापल्ली जिला बीजापुर, 19 वर्षीय देवे कोसा पोडियाम उर्फ सबिता (सदस्य, प्लाटून नं. 32) मारोत बाका पंचायत अवपल्ली, जिला बीजापुर को गिरफ्तार किया, वहीं दो अन्य कट्टमर माओवादी सदस्य को हिरासत में लिया गया है। गिरफ्तार और हिरासत में लिए गए माओवादी विध्वंसक गतिविधियों को अंजाम देने की तैयारी कर रहे थे।





### माओवादियों के पास से 7 हथियार जब्त

माओवादियों के पास से एक स्वचालित एसएलआर राइफल, एक 303 राइफल, तीन एसएसआर राइफल, दो भरमार सहित कुल 07 हथियार जप्त करने में सफलता मिली है। इसके अलावा महाराष्ट्र सरकार की तरफ से उन्गी मंगरू होयम उर्फ सुमाली पर 16 लाख, पल्लवी केसा मीडियम उर्फ बूंदी पर 8 लाख, देवे कोसा पोडियाम उर्फ सबिता पर 4 लाख, दो माओवादी सदस्यों पर कुल 8 लाख का इनाम घोषित घोषित था।

# शासन की योजनाओं को आम आदमी तक पहुंचाना ही सुशासन तिहार का उद्देश्य

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कांकेर



सुशासन तिहार के तहत जिले के चारामा ब्लॉक की ग्राम पंचायत लखनपुरी में आज समाधान शिविर का आयोजन किया गया, जहां ग्रामीणों के आवेदनों पर की गई कार्रवाई की जानकारी विभागीय अधिकारियों के द्वारा दी जा गई। अतिथियों ने कहा कि सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं की जानकारी एवं लाभ हर पात्र व्यक्ति तक पहुंचाने का प्रयास सुशासन तिहार के जरिए किया जा रहा है।

ग्राम पंचायत लखनपुरी में आयोजित समाधान शिविर में उपस्थित ग्रामीणों को संबोधित करते हुए अतिथियों ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी देश को विकसित राष्ट्र बनाने में लगे हैं और मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय प्रदेश को विकास की ओर ले जा रहे हैं, वैसे ही कांकेर जिले को भी विकसित जिलों की श्रेणी में लाना है। उन्होंने कहा कि 2047 तक विकसित भारत के लक्ष्य को प्राप्त करने के लिए सभी को मिलकर कार्य करना होगा। इस अवसर पर शिविर स्थल में विभिन्न विभागों द्वारा स्टॉल लगाकर विभागीय योजनाओं की जानकारी दी गई। साथ ही पात्र हितग्राहियों को लाभान्वित किया गया, जिसमें खाद्य विभाग द्वारा 4 ग्रामीणों को राशन कार्ड प्रदान किया गया। इसी तरह मनरेगा के अंतर्गत 08 हितग्राहियों को जॉब कार्ड, महिला एवं बाल विकास विभाग द्वारा 02 बच्चों का अन्नप्राशन एवं 7 गर्भवती महिलाओं की गोदभराई की रस्म संपन्न की गई। इसी तरह समाज कल्याण विभाग द्वारा 7 जरूरतमंद ग्रामीणों को निःशुल्क छड़ी वितरित की गई, आदिवासी विकास विभाग द्वारा छात्रावास में अध्ययनरत कक्षा 10वीं एवं 12वीं परीक्षा में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले विद्यार्थियों को अतिथियों ने मैडल और प्रमाण पत्र देकर सम्मानित किया गया। इसके अलावा 10 लखपति दीदियों को भी सर्टिफिकेट देकर सम्मानित किया गया। इस अवसर पर जिला पंचायत अध्यक्ष किरण नरेटी, जिला पंचायत सदस्य तेजेश्वरी सिन्हा, जनपद अध्यक्ष ▶▶| शेष पेज 10 पर

# राष्ट्रीय साधन सह छात्रवृत्ति प्रवीण्य परीक्षा में जिले में दुर्गूकोंदल विकासखंड ने मारी बाजी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| दुर्गूकोंदल



जिला मुख्यालय कांकेर से करीबन 75 किमी दूर स्थित दुर्गम विकासखंड दुर्गूकोंदल अब शिक्षा गुणवत्ता अभिवृद्धि में छत्तीसगढ़ राज्य का अनुकरणीय उदाहरण बनते जा रहा है। सुविधाविहीन माहौल और वनग्रामों के अल्प आर्थिक स्थिति में पल बढ़ रहे गरीब बच्चों के उज्ज्वल और मजबूत आत्मनिर्भर भविष्य को गढ़ने के लिए अब शिक्षा विभाग ने कमर कस लिया है। विकासखंड दुर्गूकोंदल के शिक्षा अधिकारी एसपी कोसरे की दूरगामी कुशल नेतृत्व तथा सहायक विकासखंड शिक्षा अधिकारी अंजनी मंडावी के जीवट मार्गदर्शन तथा विकासखंड स्त्रोत समन्वयक लतीफ सोम के कुशल प्रबंधन के साथ सक्रिय व कर्मठ संकुल समन्वयकों, अनुभवी प्राचार्यों, प्रेरक प्रधानपाठकों, समस्त शिक्षक समुदाय के टीम वर्क की बानगी का नतीजा है कि आज फिर वर्षों से पिछड़े अकेले दुर्गूकोंदल विकासखंड के 137 विद्यार्थियों ने राष्ट्रीय साधन सह छात्रवृत्ति ▶▶| शेष पेज 10 पर

# बुजुर्ग महिला से पति और बहू ने मिलकर की मारपीट

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कांकेर

- शिकायत पर दर्ज हुआ मामला



दसपुर में बुजुर्ग महिला से उसके पति और बहू ने मारपीट करते हुए जान से मारने की धमकी दिया है। बुजुर्ग महिला परेशान होकर कांकेर थाना में शिकायत करने जैसे तैसे पहुँची। पुलिस ने बुजुर्ग महिला की शिकायत पर मामला दर्ज करते हुए विवेचना में लिया है।

कांकेर थाना में शिकायत करने पहुंची दसपुर निवासी 60 वर्षीय लीलाबाई साहू पति दयालू राम साहू ने पुलिस को बताया कि 17 मई को करीबन 7 बजे मेरे पति दयालू राम साहू एवं मेरी बहू किरण साहू साथ में खड़े थे। उन दोनों को देखकर कहा कि यहाँ पर साथ में कैसे खड़े हो, इतना कहते ही मेरे पति एवं बहू के द्वारा बोला कि हम लोग खड़े हैं, तुझे क्या परेशानी हो रही है। घर में जब चाहे तब टोकाटाकी करती रहती है। ऐसा बोलकर दोनो के द्वारा हाथ मुक्का एवं डण्डा से मारपीट करते हुए गाली देने लगे। दोनों आरोपियों के द्वारा जान से मारने की धमकी दिया गया है। मारपीट करने से मेरे दोनों हाथ पैंर एवं शरीर के अन्य हिस्से में चोट आई है। मुझे डर है कि मेरे पति और बहू मेरे साथ कभी भी किसी भी तरह की अन्होनी घटना को अंजाम दे सकते है। मैं दोनो के इस व्यवहार से बहुत आहत हूँ।

बुजुर्ग महिला की शिकायत पर पुलिस ने आरोपी दयालू राम साहू और किरण साहू के खिलाफ धारा 115 (2), 296, 3 (5), 351 (2) बीएनएस के तहत मामला दर्ज करते हुए विवेचना में लिया गया।

## लाइनमैन की कार्यशैली से बांदेवासी परेशान

# 15 सालों से बांदे में जमे लाइनमैन ने बंद करवाई बिजली सप्लाई , अफसर ने कहा- करेंगे कार्रवाई

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कांकेर

- विभाग के अफसर भी हलाकान



बांदे के उपभोक्ताओं और उच्च अधिकारियों को जानकारी दिए बिना लाइन मैन नरेंद्र नेताम ने बांदे की विद्युत को मेंटेनेंस के नाम पर शनिवार को सुबह 10 से दोपहर 1 बजे तक सप्लाई को बंद कर दिया। इस दिन बांदे का साप्ताहिक बाजार होने के कारण व्यापारी वर्ग और आसपास के गाँव के लोग गर्मी के चलते दिनभर परेशान होते रहे। जानकारी के अनुसार मेंटेनेंस के नाम पर बिजली सप्लाई बंद करने के पहले सीएसईबी विभाग उपभोक्ताओं को विभिन्न माध्यम से संज्ञान में लाता है। बांदे में भगवान भरोसे चल रहा है, उसका सबसे बड़ा कारण यह है कि 15 साल से जमे लाइन मैन नरेंद्र नेताम अपने उच्च अधिकारियों के संज्ञान में लाएं बिना मेंटेनेंस के नाम पर शनिवार 17 मई को सुबह 10 बजे से दोपहर 1 बजे तक सप्लाई बंद कर दिया। बिजली सप्लाई को बंद करना कोई पूर्व घोषित पूर्व नियोजित कार्य नहीं था, केवल लाइन मेन की दादागिरी का नतीजा था। जूनियर इंजीनियर शुक्रवार से अवकाश पर हैं। बांदे के उपभोक्ताओं का फोन उच्च अधिकारियों के पास आता रहा, वहीं विभाग के आला अफसर जवाब देने में निरूत्तर रहे। व्यापारीगण दिनभर गर्मी मे पसीना बहाते रहे। बाजार में बांदे क्षेत्र के लगभग 50 गांव बाजार में आते हैं, यह क्षेत्र का सबसे बड़ा बाजार होता है। बाजार के दिन विद्युत विभाग का बिना सूचना के बिजली सप्लाई को मेंटेनेंस के नाम पर बाधित करना बिद्युत विभाग की घोर लापरवाही का नतीजा है। क्षेत्रवासियों का कहना है कि लाइनमैन लंबे समय से यहीं पर पदस्थ है, जिसके चलते किसी की परवाह किए बिना मनमानी करता रहता है। सूत्रों की माने इस इलाके में अनेक कनेक्शन बिना किसी रिकार्ड के चल रहा है। इसके क्षेत्र की जांच की जाए, तो लाईनमैन के नए कारनामे देखने को मिल सकते हैं।

### लाइनमैन ने काल नहीं किया रिसीव

लाइनमैन पर लगे आरोपो को जानने के लिए लाइनमैन नरेंद्र नेताम के मोबाईल नंबर 93292 23774 पर मंगलवार 20 मई को तीन से चार बार काल किया। मोबाइल की घंटी बजती रही, परंतु कांल रिसीव नहीं हुआ, जिसके चलते उनका कथन नहीं मिला सका।

### लाइनमैन ने बरती है लापरवाही

सहायक अभियंता अगस्त कुमार ध्रुव से इस विषय पर बात किया तो उनका कहना था कि जूनियर अभियंता शुक्रवार से अवकाश पर हैं। लाइनमैन बिना जानकारी दिए बांदे में शनिवार को सुबह 10 से दोपहर 1 बजे तक सप्लाई को मैंटेनेंस के नाम पर बंद कर दिया, यह घोर लापरवाही है। लापरवाही के तहत कार्रवाई करने के लिए उच्च अधिकारियों के संज्ञान में लाया गया है।

# चारामा में श्री तुलसी मानस प्रतिष्ठान की बैठक आयोजित



हरिभूमि न्यूज ▶▶| चारामा

कोरर चौक स्थित झूलेलाल भवन चारामा में 20 मई को श्री तुलसी मानस प्रतिष्ठान के प्रांतीय अध्यक्ष जगदीश देशमुख की अध्यक्षता में आवश्यक बैठक आयोजित की गई। जिसमे प्रबंध कार्यकारणी की शपथग्रहण समारोह आयोजित करने, पदाधिकारियों के आजीवन सदस्यता की अनिवार्यता, पदाधिकारियों को प्रदत्त आजीवन सदस्यता रसीद बुक व राशि की वापसी, मानस मंजूषा पत्रिका के प्रकाशन, प्रतिष्ठान के द्वारा वर्ष मे आयोजित प्रांतीय समारोह एवं अलंकरण, प्रतिष्ठान की अधिकृत वेबसाइट, सोशल मीडिया एडमिन व प्रकाशन सहित प्रदेश अध्यक्ष की अनुमति से अन्य कई मुद्दों पर चर्चा कर निर्णय लिया गया।

श्री तुलसी मानस प्रतिष्ठान की इस बैठक मे विशेष रूप से मुख्य संरक्षक व कांकेर लोकसभा के पूर्व सांसद मोहन मंडावी, प्रांतीय अध्यक्ष जगदीश देशमुख, कार्यकारी अध्यक्ष दिप्ती पाण्डे, महासचिव राजेन्द्र सिंह ठाकुर, कोषाध्यक्ष छगनलाल यदु, उपाध्यक्ष मुन्नालाल देवदास, रोहित जंघेल, तामेश्वर साहू, दयानंद वर्मा, जितेन्द्र पटेल, प्रदीप कुलदीप, रामकुमार साहू, सीताराम साहू, कांशीराम जैन एवं क्रेता चंद्राकर सहित समस्त पदाधिकारी व सदस्यगण उपस्थित रहे।

## खबर संक्षेप

### धान फड़ के पास जुआ खेलते तीन जुआरी पकड़ाए

**कांकेर।** पखांजुर थानांतर्गत ग्राम पीव्ही 41 धान फड़ के पास जुआ खेल रहें तीन जुआरियों को पुलिस ने दबोचा। जुआरियों के कब्जे से तास पत्ती व नगद को जप्त किया गया। जानकारी के अनुसार 19 मई को रात 10 बजें पीव्ही 40 पुरूषोत्तमनगर निवासी 37 वर्षीय सुब्रत बड़ई पिता सुभाष, पीव्ही 40 पुरूषोत्तम नगर निवासी 38 वर्षीय असीम बड़ई पिता अनंत बड़ई और पीव्ही 41 निवासी 36 वर्षीय शशी बड़ई पिता सुखरंजन बड़ई तास के पत्ती 52 पत्ती से रूपएं पैसे का दांव लगाकर हार जीत का जुआ खेल रहे थे। कार्यवाही के दौरान पुलिस को आता देख कुछ लोग भागने में कामयाब हुए। मौके पर जुआरियों के कब्जे से कुल 1 हजार 230 रूपएं, तास के 52 पत्ती, एक नग सफेद रंग का गमछा को जप्त किया गया। आरोपियों के खिलाफ धारा 3 (2) जुआ एक्ट के तहत मामला दर्ज कर विवेचना में लिया है।

### बस्तर संभाग के स्कूलों का रहा रिजल्ट 95.61 से 99.69 फीसदी

**जगदलपुर।** बस्तर संभाग के सातों जिलों में 10256 स्कूल यानि प्राथमिक के 6896, माध्यमिक के 2574, हाईस्कूल के 354 एवं हायर स्कूल के 438 हैं। इस वर्ष प्राथमिक एवं माध्यमिक का परीक्षा परिणाम लगभग 95.61 से 99.61 फीसदी रहा। इसमें से बस्तर जिले में कक्षा 5 वीं के 99.38, कक्षा 8 वीं के 97.01, बीजापुर जिले के कक्षा 5 वीं के 96.98, कक्षा 8 वीं के 95.61, दंतेवाड़ा जिले के कक्षा 5 वीं के 99.69, कक्षा 8 वीं के 97.61, कांकेर जिले के कक्षा 5 वीं के 99.03, कक्षा 8 वीं के 97.33, कोंडागांव जिले के कक्षा 5 वीं के 99.36, कक्षा 8 वीं का 98.64 रहा। नारायणपुर जिले के कक्षा 5 वीं के 99.32, कक्षा 8 वीं के 98.74 रहा। सुकमा जिले का कक्षा 5 वीं के 99.50, कक्षा 8 वीं के 98.48 फीसदी रहा। उक्त जानकारी शिक्षा विभाग बस्तर संभाग के सहायक डायरेक्टर परमेश्वर पांडे ने दी।

### राज्यपाल बीजापुर आएंगे आज, अफसरों की लेंगे बैठक

**बीजापुर।** राज्यपाल रमेन डेका बीजापुर जिले में 21 मई को एक दिवसीय प्रवास पर रहेंगे। प्रवास के दौरान कलेक्टोरेट के इन्द्रावती सभाकक्ष में प्रशासनिक अधिकारियों की बैठक लेंगे। एवं एक पेड़ मां के नाम के तहत पौधरोपण भी करेंगे।

### 2 एजेंसियां हुई ब्लैक लिस्ट 14 को किया गया राजसात

**दंतेवाड़ा।** जिले में जल जीवन मिशन अंतर्गत विभिन्न ग्राम पंचायतों में चल रहे जल जीवन मिशन पेयजल परियोजनाओं के क्रियान्वयन अतंर्गत अधूरे एवं समय-सीमा पर कार्य पूर्ण ना करने वाली कार्य एजेंसियों पर कलेक्टर कुणाल दुदावत के आदेश अनुसार कड़ी कार्यवाही की गई है। इनमें ग्राम पंचायत नागफनी, कोरलापाल, कौवाकरका, अरबे, पूरनतराई, खुटेपाल, मोखपाल,पोर कमेली, पीना बचेली, जबेली, मड़कामी रास, मुसकेल, मेडोली, भैरमबंद सहित कुल 14 ग्राम पंचायतों में जल जीवन मिशन के तहत अधूरे कार्य करने वाली एजेंसियों को राजसात कर अनुबंध निरस्त किया गया है।

**सुशासन तिहार:** हितग्राहियों को सामग्री एवं कार्डो का वितरण

# लंजोड़ा समाधान शिविर में 271 आवेदन मिले, 17 का मौके पर किया गया निराकरण

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कोण्डागांव/फरसगांव

- जाति प्रमाण पत्र, राशन कार्ड, रोजगार स्वास्थ्य सेवाओं तथा योजनाओं से जुड़े आवेदन

सुशासन तिहार के अंतर्गत ग्राम पंचायत लंजोड़ा में क्लस्टर स्तरीय समाधान शिविर का आयोजन किया गया। शिविर में क्षेत्रीय विधायक नीलकंठ टेकाम, जनपद पंचायत अध्यक्ष मानकु राम नेताम, उपाध्यक्ष जदूराम नाग, जनपद सदस्य विजय मरकाम एवं श्रीमती मनीषा नेताम, सरपंच सुनील नेताम, पूर्व जनपद अध्यक्ष सुकमन नेताम एवं श्रीमती साम नेताम सहित बड़ी संख्या में जनप्रतिनिधि एवं ग्रामीण उपस्थित रहे। शिविर में कुल 271 आवेदन प्राप्त हुए, जिनमें से 17 आवेदनों का मौके पर ही निराकरण किया गया। शेष आवेदनों को संबंधित विभागों को प्रेषित कर नियमानुसार कार्रवाई कर आवेदकों को सूचित किया जाएगा। आवेदन अधिकतर जाति प्रमाण पत्र, राशन कार्ड, रोजगार, स्वास्थ्य सेवाओं तथा अन्य सरकारी योजनाओं से जुड़े थे।



इस अवसर पर विधायक श्री टेकाम के हाथों विभिन्न योजनाओं के तहत हितग्राहियों को सामग्री एवं कार्डों का वितरण किया गया। वितरित सामग्रियों में 19 सब्जी मिनी किट, 10 मनरेगा जॉब कार्ड, 13 किसान क्रेडिट कार्ड, 10 मच्छरदानियां, 07 आयुष्मान भारत कार्ड, 41 राशन कार्ड, 12 जाति प्रमाण पत्र एवं 05 जन्म प्रमाण पत्र शामिल थे। शिविर के दौरान सामाजिक सरोकारों को ध्यान में रखते हुए 03 गर्भवती महिलाओं का गोदभराई संस्कार एवं 3 शिशुओं का अन्नप्राशन संस्कार भी संपन्न हुआ। इन पारंपरिक संस्कारों की उपस्थिति में ग्रामीणों में विशेष उत्साह देखने को मिला, जिससे आयोजन एक सामाजिक पर्व जैसा प्रतीत हुआ।

***इनकी रही मौजूदगी-*** *शिविर का संचालन शिविर प्रभारी अश्वन कुमार पुसाम, एसडीएम फरसगांव के निर्देशन में हुआ। इस अवसर पर तहसीलदार डॉ. जय कुमार नाग, सीईओ रूपेन्द्र नेताम सहित विभिन्न विभागों के जिला एवं ब्लॉक स्तरीय अधिकारी–कर्मचारी भी उपस्थित रहे। समाधान शिविर से ग्रामीणों को शासन की योजनाओं से जुड़ने और अपनी समस्याओं के समाधान का सशक्त माध्यम मिला।*

# आदिवासी समाज की संस्कृति और परंपराएं हमारी असली पहचानः उसेंडी



हरिभूमि न्यूज ▶▶| कोण्डागांव

- 16 गांवों के आदिवासी समाज का संयुक्त आयोजन
- डोंगर सिलाटी में आयोजित क्षेत्रीय मरका पंडुम कार्यक्रम में शामिल हुईं विधायक

कोंडागांव विधायक एवं भाजपा की राष्ट्रीय उपाध्यक्ष सुश्री लता उसेंडी आज डोंगर सिलाटी में आयोजित क्षेत्रीय मरका पंडुम कार्यक्रम में शामिल हुईं। यह पारंपरिक सांस्कृतिक आयोजन क्षेत्र के 16 गांवों के आदिवासी समाज द्वारा संयुक्त रूप से किया गया।

इस कार्यक्रम में आदिवासी समाज के लोगों ने अपने–अपने गांवों के देवी–देवताओं की विधिवत पूजा–अर्चना कर समस्त क्षेत्र की सुख–शांति और समृद्धि की कामना की। मरका पंडुम आदिवासी समाज की एक महत्वपूर्ण परंपरा है, जिसमें सामाजिक एकता, सांस्कृतिक धरोहर और आपसी भाईचारे को बढ़ावा दिया जाता है। इस अवसर पर विधायक लता उसेंडी ने कहा कि आदिवासी समाज की संस्कृति और परंपराएं हमारी असली पहचान हैं। उन्होंने आयोजन समिति को सफल आयोजन के लिए बधाई दी और समाज के लोगों को आश्वस्त किया कि उनकी संस्कृति और अधिकारों की रक्षा के लिए वे सदैव प्रतिबद्ध रहेंगी।

## धनोरा में लगा पावर ट्रांसफार्मर ओवरलोड से मिलेगी मुक्ति



हरिभूमि न्यूज ▶▶| धनोरा

- निदेशक व इंजीनियर की उपस्थिति में किया गया चार्ज

स्थानीय वितरण केंद्र में 33/11 केवी सबस्टेशन में अतिरिक्त 3.15 एमवीए का पावर ट्रांसफार्मर सहदेव कुमार ठाकुर कार्यपालक निदेशक एवं चंद्रहास मरकाम अधीक्षण अभियंता कांकेर वृत्त के मागदर्शन में सफलतापूर्वक चार्ज किया गया। इस मौके पर परियोजना संभाग के कार्यपालन अभियंता प्रदीप कुमार अग्रवानी, एसटीएम संभाग के कार्यपालन अभियंता राम कुमार बासकर, सहायक अभियंता फूलरंजन तिग्गा एवं धनोरा वितरण केंद्र के कनिष्ठ अभियंता प्रयास वीडितेलवार मौजूद थे। उपरोक्त पावर ट्रांसफार्मर के चार्ज होने से ओवरलोड की समस्या से निदान मिलेगा । धनोरा वितरण केंद्र अंतर्गत ग्राम बनजोड़ा, मोदेबेड़मा, देवगांव, फंडर, कोनगुड़, चनियागव, बाडागांव, चिन्डलीबेडा, गवाड़ी, जामगांव, बोकरबेड़ा, हाटचपाई, कोकोडजुगेनर, परोदा आदि गांव लाभान्वित होंगे।

## शासकीय उचित मूल्य की दुकान से खराब चावल वितरण, हुई कार्रवाई




**गीदम।** शासकीय उचित मूल्य की दुकान पीडब्ल्यूडी पारा गीदम में हितग्राहियों को बांटे जा रहे खराब क्वालिटी के चावल की शिकायत पर नगर पंचायत अध्यक्ष रजनीश सुराना ने तत्काल कार्रवाई करवाई। हितग्राहियों ने खराब क्वालिटी के चावल मिलने की शिकायत की थी। जिसके बाद उन्होंने मौके पर पहुंचकर चावल की गुणवत्ता की जांच करवाई। रजनीश सुराना ने जिला खाद्य अधिकारी किरीत कुमार कौशिक से बात की और उन्हें चावल की खराब गुणवत्ता के बारे में अवगत कराया। जिला खाद्य अधिकारी ने तत्काल कार्रवाई करते हुए चावल की गुणवत्ता की जांच करवाई और खराब क्वालिटी का चावल पाए जाने पर उसे बदलवाया। जिला खाद्य अधिकारी की देखरेख में खराब क्वालिटी के चावल को बदलकर नए और उच्च गुणवत्ता वाले चावल हितग्राहियों को बांटे जा रहे हैं। सुराना ने जिला खाद्य अधिकारी से मांग की कि इस प्रकार खराब क्वालिटी का चावल सप्लाई करने वाले मिलर को चेतावनी दी जाए। ऐसा करने से भविष्य में इस प्रकार की घटनाएं नहीं होंगी और हितग्राहियों को उच्च गुणवत्ता वाले खाद्यान्न मिलेंगे।

### सर्व हिन्दू समाज की बैठक आज प्रबंध कार्यकारिणी होगी घोषित

**जगदलपुर।** शांति नगर वार्ड के दुर्गा मंदिर में कल बुधवार को शाम 5 30 बजे सर्व हिन्दू समाज की बैठक होगी। जिसमें निर्वाचन अधिकारी द्वारा प्रबंध कार्यकारिणी की घोषणा की जाएगी। अध्यक्ष धर्मचन्द्र शर्मा ने सभी सनातन परिवार के लोगों से बैठक में उपस्थित होने का अनुरोध किया है।

## विधायक ने 107 लाख की लागत से होने वाले विकास कार्यों का किया भूमिपूजन

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कोण्डागांव

- कोंडागांव के विकास को मिलेगी रफ्तार : लता





भाजपा की राष्ट्रीय उपाध्यक्ष एवं कोंडागांव विधायक सुश्री लता उसेंडी ने आज कोंडागांव विधानसभा क्षेत्र के विकासखंड माकड़ी अंतर्गत विभिन्न ग्राम पंचायतों का दौरा कर कुल 107 लाख रुपये की लागत से होने वाले 10 विकास कार्यों का भूमिपूजन किया। सुश्री लता उसेंडी ने ग्राम देउरबाल में 5 लाख रुपये की लागत से सामुदायिक भवन, ग्राम करंडी में 7 लाख रुपये से सामुदायिक भवन, ग्राम बीजापुर में 10 लाख रुपये से शेड तथा 4 लाख रुपये से 1.5 मीटर लंबी पुलिया निर्माण कार्य का भूमिपूजन किया।

इसके साथ ही बड़े सोहंगा के आश्रित ग्राम बेड़ागांव में 5 लाख रुपये की लागत से सांस्कृतिक भवन, अनंतपुर में 3 कार्यों के लिए कुल 11 लाख रुपये जिसमें देवगुड़ी 5 लाख, रंगमंच 2 लाख और सांस्कृतिक भवन चार लाख शामिल है। वहीं ग्राम तोरण्डी में 60 लाख रुपये की लागत से गौरव पथ निर्माण कार्य का भूमिपूजन तथा हिरावंडी में 5 लाख रुपये की लागत से सांस्कृतिक मंच के निर्माण की शुरुआत की गई। ये सभी कार्य कुल 8 पंचायतों में प्रस्तावित हैं और इनकी अनुमानित लागत 107 लाख रुपये है।

इस अवसर पर सुश्री लता उसेंडी ने कहा कि भाजपा सरकार विकास के एजेंडे पर काम कर रही है। ग्रामीण क्षेत्रों में बुनियादी सुविधाओं के विस्तार के लिए निरंतर प्रयासरत है। उन्होंने कहा कि क्षेत्र की जनता की अपेक्षाओं पर खरा उतरने के लिए वे पूरी निष्ठा से काम करती रहेंगी। इस अवसर पर जिला पंचायत सदस्य, जनपद अध्यक्ष एवं उपाध्यक्ष, भाजपा कार्यकर्ता सहित स्थानीय जनप्रतिनिधि व बड़ी संख्या में क्षेत्र के ग्रामीण उपस्थित रहे।

## सिंदूर यात्रा...



**कोंडागांव।** नगर में महिलाओं द्वारा भव्य सिंदूर यात्रा निकाली गई। यात्रा का शुभारंभ नगर पालिका अध्यक्ष नरसिंह पटेल एवं उपाध्यक्ष जसकेतु उसेंडी ने की। देशभक्ति के नारे व गानों से गूंजती यात्रा नगर के प्रमुख मार्गो से गुजरी।

## राष्ट्रीय साधन सह छात्रवृत्ति प्रवीण्य परीक्षा में जिले में दुर्गूकोंदल विकासखंड ने मारी बाजी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| दुर्गूकोंदल



जिला मुख्यालय कांकेर से करीबन 75 किमी दूर स्थित दुर्गम विकासखंड दुर्गूकोंदल अब शिक्षा गुणवत्ता अभिवृद्धि में छत्तीसगढ़ राज्य का अनुकरणीय उदाहरण बनते जा रहा है। सुविधाविहीन माहौल और वनग्रामों के अल्प आर्थिक स्थिति में पल बढ़ रहे गरीब बच्चों के उज्वल और मजबूत आत्मनिर्भर भविष्य को गढ़ने के लिए अब शिक्षा विभाग ने कमर कस लिया है। विकासखंड दुर्गूकोंदल के शिक्षा अधिकारी एसपी कोसरे की दूरगामी कुशल नेतृत्व तथा सहायक विकासखंड शिक्षा अधिकारी अंजनी मंडावी के जीवट मार्गदर्शन तथा विकासखंड स्त्रोत समन्वयक लतीफ सोम के कुशल प्रबंधन के साथ सक्रिय व कर्मठ संकुल समन्वयकों, अनुभवी प्राचार्यो, प्रेरक प्रधानपाठकों, समस्त शिक्षक समुदाय के टीम वर्क की बानगी का नतीजा है कि आज फिर वर्षों से पिछड़े अकेले दुर्गूकोंदल विकासखंड के 137 विद्यार्थियों ने राष्ट्रीय साधन सह छात्रवृत्ति प्रवीण्य परीक्षा में राज्य में चयनित होकर अपने उम्मीदों के आकाश को ऊंचा कर लिया है। इसके लिए विकासखंड से कुल 676 विद्यार्थियों ने आवेदन फॉर्म भरा था तथा 674 बच्चे परीक्षा में शामिल हुए थे, जिसमें से 428 विद्यार्थी उत्तीर्ण हुए तथा 137 बच्चे चयनित हुए।

**आवास योजना की धीमी गति पर की नाराजगी जाहिर**

# आवेदनों के शीघ्र निराकरण पर जोर, नहीं होनी चाहिए लापरवाही

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कोण्डागांव

- कलेक्टर ने ली साप्ताहिक समय–सीमा बैठक

कलेक्टर श्रीमती नूपुर राशि पन्ना ने जिला कार्यालय सभाकक्ष में साप्ताहिक समय–सीमा बैठक में विभिन्न विभागीय योजनाओं की समीक्षा करते हुए संबंधित अधिकारियों को जरूरी निर्देश दिए। उन्होंने सुशासन तिहार में प्राप्त आवेदनों के गुणवत्तापूर्ण एवं शीघ्र निराकरण पर विशेष जोर देते हुए कहा कि लंबित आवेदनों में किसी भी प्रकार की लापरवाही नहीं होनी चाहिए।



प्रधानमंत्री आवास योजना की धीमी प्रगति पर नाराजगी जताते हुए कलेक्टर ने सभी जनपद सीईओ को कार्य में तेजी लाने के निर्देश दिए। उन्होंने रजिस्ट्री से जुड़ी 10 नई व्यवस्थाओं की जानकारी आम नागरिकों तक पहुंचाने के लिए सभी तहसीलदारों को अपने–अपने कार्यालयों में जानकारी प्रदर्शित करने के निर्देश दिए। इसके अलावा, स्कूलों एवं शिक्षकों के युक्तियुक्तकरण की प्रक्रिया को पारदर्शी ढंग से पूर्ण करने के लिए जिला शिक्षा अधिकारी एवं एसडीएम को आवश्यक कार्रवाई करने को कहा। कलेक्टर ने तीन नए कानूनों के प्रभावी क्रियान्वयन के लिए जेल परिसरों और अस्पतालों में वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग की सुविधा विकसित करने के निर्देश भी दिए। माओवाद प्रभावित परिवारों एवं आत्मसमर्पितों को शासन की जनकल्याणकारी योजनाओं का लाभ दिलाने के लिए सभी विभागों को सतत प्रयास करने के लिए निर्देशित किया गया। उन्होंने मुख्यमंत्री ग्रामीण बस योजना के क्रियान्वयन के लिए जिला परिवहन अधिकारी को कार्य योजना तैयार करने के निर्देश दिए। इस योजना से ग्रामीण क्षेत्रें को ब्लॉक और जिला मुख्यालयों से जोड़ने में मदद मिलेगी जिससे नागरिकों को सरकारी कार्य, चिकित्सा, शिक्षा व अन्य आवश्यकताओं के लिए बेहतर परिवहन सुविधा मिल सकेगी।

### ये रहे उपस्थित

बैठक के बाद आयोजित जनदर्शन में कलेक्टर ने आम नागरिकों की समस्याएं सुनीं और उनके समाधान के लिए संबंधित अधिकारियों को निर्देश दिए। इस दौरान ग्रामीणों ने आवास, स्वरोजगार ऋण सहित विभिन्न मुद्दों पर आवेदन प्रस्तुत किए। जनदर्शन में डीएफओ श्रीमती दिव्या गौतम, जिला पंचायत सीईओ अविनाश भोई, एडीएम चित्रकांत चार्ली ठाकुर सहित सभी जिला स्तरीय अधिकारी उपस्थित रहे।

## आदिवासी समाज की दो दिवसीय कार्यशाला 24 से

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जगदलपुर

छतीसगढ़ सर्व आदिवासी समाज के प्रांतीय कार्यकारी अध्यक्ष राजाराम तोड़ेम तथा जिला अध्यक्ष दशरथ कश्यप के प्रस्ताव अनुसार 24 एवं 25 मई को दो दिवसीय कार्यशाला, प्रशिक्षण, सम्मलेन आयोजित किया गया है। प्रत्येक जिले से 15 पदाधिकारी, सदस्यगणों की उपस्थिति आवश्यक होगी। सम्मलेन में महिलाओं एवं युवाओं से सम्बंधित कार्यशाला एवं प्रशिक्षण होगा। इसके अतिरिक्त चर्चा के अन्य बिंदु जो आदिवासियों के हित एवं उन्नति के लिए लम्बी अवधि से निराकरण के लिए केंद्र एवं राज्य सरकार के समक्ष लंबित है उन मुद्दों पर भी चर्चा कर प्रस्ताव पारित किए जाएंगे। अन्य विषयों में फर्जी जाति प्रमाण पत्रों पर कार्रवाई के लिए शासन पर दबाव बनाना, आदिवासियों की भूमि पर गैर आदिवासियों के द्वारा कब्जा एवं भूमि क्रय , विक्रय करने के संबंध में प्रांत एवं जिला स्तर पर निगरानी करने, अनुसूचित जाति, जनजाति अत्याचार निवारण अधिनियम की समीक्षा करने, जल, जंगल, जमीन का संरक्षण को प्राथमिकता में रखने ,सरगुजा एवं बस्तर संभाग में स्थानीय भर्ती पर रोक हटाने , 9 अगस्त को विश्व आदिवासी दिवस मनाने बाबत चर्चा एवं उसकी रूपरेखा तैयार करना शामिल है।

## पेज 9 के शेष

### शासन की योजनाओं...

जागेश्वरी भास्कर सहित लखनपुरी क्लस्टर के सरपंच व जनप्रतिनिधिगण, जिला पंचायत सीईओ हरेश मंडावी, एसडीएम चारामा नरेन्द्र बंजारा और जिला व ब्लॉक स्तर के अधिकारी-कर्मचारी एवं ग्रामीणजन उपस्थित रहे।

### राष्ट्रीय साधन सह...

प्रवीण्य परीक्षा में राज्य में चयनित होकर अपने उम्मीदों के आकाश को ऊंचा कर लिया है। इसके लिए विकासखंड से कुल 676 विद्यार्थियों ने आवेदन फॉर्म भरा था तथा 674 बच्चे परीक्षा में शामिल हुए थे, जिसमें से 428 विद्यार्थी उत्तीर्ण हुए तथा 137 बच्चे चयनित हुए।

उल्लेखनीय है कि विद्यार्थियों के आर्थिक स्थिति को सुदृढ़ करते हुए बेहतर भविष्य के निर्माण में महती भूमिका निभा सकने वाले बहुआयामी परीक्षा में राज्य के सभी 33 जिलों में कांकेर जिला सबसे अधिक 356 चयनित बच्चों के साथ प्रथम स्थान पर रहा। जिले से 5226 पंजीकृत विद्यार्थी में से 5165 बच्चे परीक्षा में शामिल हुए। पूरे प्रदेश में सबसे अधिक 2919 बच्चे भी यहीं से उत्तीर्ण हुए हैं।

## खबर संक्षेप

### दंतेवाड़ा को मिला सिविल डिफेन्स जिले का दर्जा

**दंतेवाड़ा।** देशभक्ति और जनसेवा का अनूठा अवसर अब दंतेवाड़ा के युवाओं के लिए खुल गया है। हाल ही में जिले को सिविल डिफेन्स जिले के रूप में अधिसूचित किया गया है। युद्धकाल, आपदा एवं आपातकालीन स्थितियों में नागरिकों की सुरक्षा हेतु सिविल डिफेंस स्वयंसेवकों की नामांकन प्रक्रिया प्रारंभ की गई है। इस संबंध में नगर सेना, जिला कार्यालय दंतेवाड़ा द्वारा भर्ती प्रक्रिया शुरू की गई है। इच्छुक अभ्यर्थी स्वयं कार्यालय से आवेदन पत्र प्राप्त कर सकते हैं या पोर्टल के माध्यम से ऑनलाइन आवेदन भी कर सकते हैं। यह सेवा पूर्णतः निःशुल्क और मानसेवी है, अर्थात इसमें किसी प्रकार का मानदेय नहीं दिया जाएगा। हालांकि, चयनित अभ्यर्थियों को एक दिवसीय लगभग 4 घंटे का प्रशिक्षण प्रदान किया जाएगा, जिसके पश्चात प्रमाण पत्र दिया जाएगा। जिला सेनानी एवं अग्निशमन अधिकारी, नगर सेना, दंतेवाड़ा के अनुसार, यह पहल न केवल आपदा प्रबंधन में सहयोग देगी बल्कि युवाओं में राष्ट्रीय चेतना और सामाजिक उत्तरदायित्व की भावना भी विकसित करेगी।

## समर कैम्प : कमिश्नर ने नजदीक से देखी बच्चों की रचनात्मक गतिविधियां

# बच्चों में समझ बढ़ाने करें सकारात्मक प्रयास : डोमन

हरिभूमि न्यूज ▶▶ बस्तर/भोण्ड






कमिश्नर डोमन सिंह ने मंगलवार को बस्तर ब्लॉक के माध्यमिक शाला कुड़कानार में आयोजित समर कैंप का जायजा लिया और बच्चों के द्वारा बनाए गए पेंटिंग्स, खिलौने, रंगोली इत्यादि का बारीकी से अवलोकन कर इन बच्चों का उत्साहवर्धन किया।

इस मौके पर बच्चों ने कविता, देशभक्ति गीत, कहानी भी सुनाया। इस दौरान कमिश्नर ने स्कूली बच्चों को स्थानीय परिवेश के मुताबिक सीखने-समझने तथा सृजन प्रतिभा को निखारने के लिए शिक्षकों को समझाइश देते हुए कहा कि गर्मी की छुट्टियों में स्कूली बच्चों के लिए कुछ नया और सार्थक सीखने का सुनहरा मौका है। समर कैंप में खासतौर पर स्थानीय परिवेश और संसाधनों को ध्यान में रखते हुए बच्चों को अपने आसपास के सामाजिक, सांस्कृतिक और प्राकृतिक पहलुओं को करीब से जानने और समझने का अवसर प्रदान करें। बच्चों में अपनी जड़ों के प्रति सम्मान और समझ बढ़े, इस दिशा में बच्चों को अपने परिवार के वंशावली के बारे में जानने के लिए प्रोत्साहित कर पिता, दादा, परदादा के नाम उल्लेखित कर वंशवृक्ष बनाने के लिए कहें। जिससे बच्चों की जिज्ञासा बढ़े और वे स्वयं के परिवार सहित ननिहाल के बारे में भी जानने के लिए प्रेरित हो सकें। इन बच्चों को गांव के इतिहास, भौगोलिक स्थिति एवं विशेषताओं सहित गांव में उपयोग की जाने वाली बैलगाड़ी, सायकिल, कृषि के यंत्र, घरेलू उपयोग की सामग्री, ग्रामीण त्यौहार एवं पर्व इत्यादि के सम्बंध में भी जानने-समझने के लिए अभिप्रेरित करें। कमिश्नर ने कहा कि समर कैंप में बच्चों को पारंपरिक खेल, लोककला, स्थानीय बोली-भाषा, लोक गीत, लोक नृत्य, हस्तशिल्प, पर्यावरण संरक्षण, स्थानीय खानपान से संबंधित गतिविधियों में शामिल करें। इसके साथ ही उन्हें स्थानीय स्वतंत्रता सेनानी, वीर-वीरांगनाओं, धरोहर, परंपराएं और प्रमुख व्यक्तियों के बारे में भी अवगत होने का अवसर प्रदान किया जाए।

समर कैंप में शिक्षक-शिक्षिकाओं की देखरेख में बच्चों ने मिट्टी के खिलौने बनाना, लोकगीत-देशभक्ति गीत गाना, पेंटिंग्स बनाना और जैव विविधता को समझने जैसे रोचक सत्रों में भाग लिया। इससे न केवल उनकी रचनात्मकता को प्रोत्साहन मिला, बल्कि व्यवहारिक ज्ञान और सामाजिक जुड़ाव की भावना भी विकसित हुई। कमिश्नर ने इस पहल की सराहना करते हुए कहा कि इस तरह के समर कैंप बच्चों को किताबों से परे जाकर जीवन से जुड़ी अहम बातें सीखने का अवसर देते हैं। यह अनुभव न केवल उनके समग्र विकास में सहायक होता है, बल्कि उन्हें अपनी संस्कृति और पर्यावरण के प्रति जागरूक भी बनाता है। इस दौरान कमिश्नर को प्राथमिक शाला कुड़कानार ख़ालेपारा के कक्षा चौथी के छात्र यूकेश बघेल ने स्वयं द्वारा तैयार पेंटिंग्स भेंट की तो कमिश्नर ने उसके प्रतिभा को सराहा और शाबाशी दी। साथ ही कक्षा 5 वीं की छात्रा सलोनी बघेल एवं तीसरी कक्षा की छात्रा रेशमी कश्यप ने कविता सुनाई। वहीं कुणाल ठाकुर ने देशभक्ति गीत प्रस्तुत कर भाव-विभोर कर दिया। माध्यमिक शाला के 8 वीं के छात्र प्रकाश नाग ने भारतीय क्रिकेट टीम के खिलाड़ियों का नाम बताया, तो अमित बघेल ने बैलगाड़ी के पुर्जों एवं विजय बघेल ने सायकल के पुर्जों के बारे में बताया। इसी तरह माध्यमिक शाला धरमाउर के छात्र हिमांशु कश्यप ने अपने परिवार के वंशवृक्ष तथा छात्रा सिमरन नाग ने विभिन्न खेल विधाओं के बारे में बताया। कमिश्नर ने इन सभी बच्चों को उत्साहित करते हुए उन्हें अपनी शुभकामनाएं दी।

संकुल प्राचार्य सईदा खान ने बताया कि इस पन्द्रह दिवसीय मेगा समर कैंप में प्रत्येक दिन के लिए अलग-अलग गतिविधियां रखी गई है। इसमें सामान्य ज्ञान, ड्राइंग- पेंटिंग, आर्ट- क्राफ्ट, नृत्य - संगीत, मेहंदी - रंगोली के साथ-साथ विज्ञान के छोटे छोटे प्रयोग शामिल है। इसके आयोजन को लेकर बच्चों में काफी उत्साह है। इस मेगा समर कैम्प का समापन 22 मई को किया जाएगा।

इस दौरान जिला शिक्षा अधिकारी बलीराम बघेल, खंड शिक्षा अधिकारी भारती देवांगन, खंड स्त्रोत समन्वयक अजम्बर कोर्राम, संकुल प्राचार्य सईदा खान, संकुल समन्वयक आयतू राम पाढ़े, माध्यमिक प्रधान अध्यापक धीरेन्द्र यादव, व शिक्षक/शिक्षिकाये उपस्थित थे ।

# 24 वाहनों पर कार्यवाही करते 22500 का समन शुल्क वसूला




हरिभूमि न्यूज ▶▶ गीदम

जिले में सड़क दुर्घटनाओं और दुर्घटना मृत्युदर में कमी लाने के उद्देश्य से समझाईश देने के बावजूद यातायात नियमों का पालन नहीं करने वाले वाहन चालकों पर यातायात प्रभारी निरीक्षक प्रहलाद कुमार साहू के नेतृत्व में यातायात पुलिस दन्तेवाड़ा के द्वारा लगातार समझाईश दी जा रही है एवं चालानी कार्यवाही भी की जा रही है।

इसी तारतम्य में मंगलवार को एनएच 30 पर गीदम जावांगा में वाहन चेकिंग किया गया। जिसमें अवैध तरीके से एलईडी लाइट लगाने वाले सभी 21 बड़ी वाहनों, 3 बिना सीट बेल्ट लगाए वाहन चलाने वाले कुल 24 वाहन चालकों पर चालानी कार्यवाही कर 22500 का समन शुल्क वसूल किया। वहीं बड़ी संख्या में एलईडी लाइट जप्त किया गया है।

साथ ही साथ रोजाना की तरह आज भी एलईडी लाइट न लगाने, सीट बेल्ट व हेलमेट का उपयोग करने, शराब सेवन कर वाहन न चलाने, बिना ड्राइविंग लाइसेंस के वाहन न चलाने, मालवाहक वाहनों पर सवारी न ले जाने तथा नाबालिग बच्चों को दो पहिया-चार पहिया वाहन चलाने न देने के संबंध में समझाईश दिया गया।

# मुख्यमंत्री के घोषणाओं पर त्वरित कार्यवाही करें: कलेक्टर

हरिभूमि न्यूज ▶▶ दंतेवाड़ा



आज कलेक्टर कुणाल दुदावत द्वारा कलेक्टोरेट सभाकक्ष में साप्ताहिक समय-सीमा की बैठक ली गई। बैठक में कलेक्टर ने सर्वप्रथम मुख्यमंत्री द्वारा विगत प्रवास के दौरान की गई महत्वपूर्ण घोषणाओं पर तुरन्त प्रभावी कार्यवाही किये जाने का निर्देश देते हुए कहा कि नियद नेल्लानार योजना के तहत

■ **अटल डिजिटल केन्द्रों को सक्रिय किए जाने कलेक्टर ने दिए निर्देश**

ग्रामों में आधार कार्ड एवं राशन कार्ड बनाये जाने हेतु शिविर लगाने हेतु शेड्यूल बनाकर युद्ध स्तर संबंधित विभाग क्रियान्वयन करें।

इसके लिए डोर टू डोर सर्वे कराकर आवेदन लेने के प्रक्रिया प्रारंभ सहित जिन-जिन ग्रामों में आधार कार्ड प्रदाय में भारी अंतर परिलक्षित हो रहा है। उसे लक्षित करके शत-प्रतिशत संतृप्तिकरण किया जाना विभागों की प्राथमिकता रहेगी। इसके साथ ही राशन कार्ड बनाए जाने के प्रक्रिया छूटे हुए हितग्राहियों को विभागीय मॉनटरिंग किया जा कर त्वरित राशन कार्ड बनाये जाए। इन मूलभूत आवश्यकता वाले कार्यों को जिला स्तर पर स्वयं विभाग प्रमुख प्रतिदिन कार्य की प्रगति के संबंध में रिपोर्ट करेगें। इसके साथ ही नियद नेल्लानार के चिन्हित ग्रामों में संबंधित विभागों द्वारा किये जाने वाले विकास कार्यों की नियमित मॉनिटरिंग हेतु व्यक्तिगत रूप से विभाग प्रमुख प्रगति का जायजा लेगें। साथ ही पेंशन प्रकरण एवं महतारी वंदन जैसे योजनाओं में हितग्राहियों को भुगतान हर महीने के 10 तारीख से पहले सुनिश्चित किया जाये। इस प्रकार शालाओं में भी मिड-डे-मिल प्रदाय, छात्राओं एवं शिक्षकों की नियमित उपस्थिति पर भी विभागीय अधिकारियों की सतत निगरानी रहेगी। इसके अलावा उन्होंने जिले के पंचायतों में प्रारंभ किये गये अटल डिजिटल सेवा केन्द्रों की जानकारी लेते हुए कहा कि सभी सेवा केन्द्रों में सक्रिय रूप से हितग्राहियों को बैंकिंग, पेंशन सहित मनरेगा, प्रधानमंत्री आवास एवं अन्य भुगतान संबंधी सेवाओं को कार्यशील करे। इस संबंध में आगामी समय-सीमा बैठक में संबंधित विभाग अद्यतन रिपोर्ट प्रस्तुत करेगे।

जिले में पर्यटन सुविधाओं के विस्तारीकरण के तहत होम-स्टे प्रारंभ किये जाने के संबंध में उन्होंने कहा कि पर्यटकों हेतु मुलेर, कुम्हाररास, पालनार और बारसूर के चयनित ग्रामों में होम-स्टे सेवा प्रारंभ होगी। इसके लिए पंचायत स्तर पर होम-स्टे संचालित करने वाले इच्छुक हितग्राहियों का चयन कर उन्हें प्रशिक्षण दिया जाकर प्रस्ताव जिला स्तर पर उपलब्ध कराये।

इसके साथ ही समय-सीमा बैठक में कलेक्टर ने आगामी मानसून के मद्दे नज़र बाढ़ आपदा बचाव एवं पूर्ण राहत कार्य योजना के संबंध में भी विस्तृत दिशा-निर्देश दिए। बैठक में आगामी मानसून में प्राकृतिक आपदा से बचाव एवं राहत व्यवस्था करने के लिए जिला व तहसील स्तर पर सेल तथा बाढ़ समिति का गठन किया जाने। प्राकृतिक आपदा से बचाव एवं राहत के संबंध में जिला व तहसील स्तर पर स्थापित वर्षा मापक यंत्रों का उचित रखरखाव।

पहुंच विहीन क्षेत्रों में राशन एवं खाद्यान्न सामग्री के भंडारण चिकित्सा एवं प्राथमिक उपचार की दृष्टि आवश्यक दवाइयों की उपलब्धता, पेयजल की शुद्धता एवं स्वच्छता को दृष्टिगत रखते हुए कुआं, हैंडपंप आदि में ब्लीचिंग पाउडर आदि की व्यवस्था सुनिश्चित करने, बाढ़ से बचाव संबंधी जो भी उपकरण जो जिले में उपलब्ध हैं उनकी दुरूस्ती आदि कराकर उपयोग हेतु तैयार रखने, बायो टॉयलेट की व्यवस्था के संबंध में कलेक्टर ने पूर्व से ही तैयारियां सुनिश्चित करने के निर्देश दिए गए।

### गलियों में सफाई व्यवस्था सुनिश्चित करने के लिए प्रतिदिन फोटो विडियो अपलोड करेंगे अधिकारी




हरिभूमि न्यूज ▶▶ दंतेवाड़ा

संयुक्त जिला कार्यालय के एनआईसी कक्ष में कलेक्टर कुणाल दुदावत द्वारा दंतेवाड़ा, बारसूर, बचेली, किरंदुल, नगरीय निकायों के मुख्य नगर पालिका अधिकारियों अभियंताओं की बैठक ली।

बैठक में सर्वप्रथम कलेक्टर ने शहरी क्षेत्रों में पेयजल व्यवस्था के तहत वाटर सप्लाई, टेकों की उपलब्धता, ड्राय जोन वार्ड, गर्मी के चलते अतिरिक्त पेयजल पंप, पाईप की पूर्व व्यवस्था के संबंध में जानकारी लेते हुए कहा कि किसी भी नगरीय निकाय में पेयजल जैसी बुनियादी व्यवस्था पर सर्वाधिक ध्यान दिया जाए ताकि नागरिकों को पानी की किल्लत सामना न करना पड़े। इसके साथ ही उन्होंने नगरीय क्षेत्रों में डोर-टू-डोर कचरा एकत्रण, सड़कों और नालियों की सफाई के संबंध में नियुक्त कर्मचारियों की संख्या, एकत्रित कचरे के लिए शहर से दूर अपशिष्ट स्थल प्रबंधन की व्यवस्था सुनिश्चित करने का निर्देश देते हुए कहा कि नगरीय क्षेत्रों में स्वच्छता सभी नगर पालिका अधिकारियों की जवाबदेही है। इसके लिए सभी अधिकारी नियमित रूप से गलियों और नालियों की साफ सफाई से संबंधित फोटोग्राफी जिला प्रशासन को उपलब्ध कराएं इसके साथ उन्होंने कहा कि व्यापारिक प्रतिष्ठानों को डस्टबिन रखने के लिए प्रोत्साहित करें इसके लिए नगरीय निकाय चैम्बर ऑफ कॉमर्स के सदस्यों की बैठक लेकर इस निर्णय से अवगत कराए कि मैन रोड जैसे स्थानों में सभी दुकान और प्रतिष्ठान कचरे का प्रबंधन करें। इसके पश्चात भी कचरा प्रबंधन न किए जाने पर जुर्माने का प्रावधान नगर पालिका द्वारा किया जाएगा। उन्होंने अधिकारियों को निर्देशित किया कि स्वच्छता सर्वे रेटिंग में 5 स्टार रेटिंग लाने में कार्ययोजना तैयार करें।

# पुलिया निर्माण की स्वीकृति, आवेदनों का हुआ निराकरण

हरिभूमि न्यूज ▶▶ बीजापुर



सुशासन तिहार अन्तर्गत उसूर ब्लॉक के तर्रेम एवं बीजापुर ब्लॉक के चेरपाल में सोमवार को आयोजित समाधान शिविर में हजारों की संख्या में ग्रामीण लाभान्वित हुए। तर्रेम क्लस्टर में ग्राम पंचायता तर्रेम, कोण्डापल्ली,

■ **चेरपाल एवं तर्रेम में लगा समाधान शिविर**

गगनपल्ली, पुसबाका, चिपुरभट्टी, चिन्नागेलूर एवं चेरपाल क्लस्टर अंतर्गत ग्राम पंचायत चेरपाल, पालनार, तोड़का, पदेड़ा, पेदाकोरमा, कड़ेनार, रेड्डी, पदमूर एवं ग्राम पंचायत कमकानार के ग्रामीण शामिल हुऐ।

तर्रेम क्लस्टर में आयोजित शिविर के माध्यम से कुल प्राप्त 825 आवेदनों का निराकरण किया गया। वहीं ग्रामीणों की मांग पर 3 मीटर स्पॉन पुलिया मुख्यमार्ग से कुरूसपारा तर्रेम एवं आरसीसी स्लैब पुलिया, पुलिया निर्माण कार्य, 2 मीटर मुख्यमार्ग से तुर्रे पारा की स्वीकृति समाधान शिविर में दी गई। उक्त कार्यक्रम के मुख्य अतिथि के रूप में जनपद पंचायत अध्यक्ष उसूर सुश्री पूर्णिमा तेलम ने ग्रामीणों को शासन के लिए प्रेरित किया।

वहीं चेरपाल में आयोजित शिविर में महिला एवं बाल विकास विभाग द्वारा गर्भवती माताओं की गोद भराई एवं दो बच्चों का अन्नप्राश कराया गया।

शिविर के माध्यम से विभागीय अधिकारियों द्वारा अपने-अपने विभागों के योजनाओं का प्रदर्शन कर आवश्यक जानकारी प्रदान करते हुऐ लाभार्थी बनने के लिए ग्रामीणों को प्रेरित किया गया एवं पात्र हितग्राहियों को शिविर के माध्यम से उपस्थित जनप्रतिनिधियों के द्वारा सामग्री, चेक, सहायक उपकरण वितरण जैसे विभिन्न योजनाओं से लाभान्वित कर उनका उत्साहवर्धन भी किया गया।

# नेत्र संबंधित 125 मरीजों की हुई जांच

हरिभूमि न्यूज ▶▶ बीजापुर



बीजापुर अन्तर्गत धुर माओवाद प्रभावित ग्राम कोंडापल्ली में प्रमुख सचिव स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण विभाग छत्तीसगढ़ शासन के प्रवास के दौरान ग्रामीणों द्वारा नेत्र संबंधी जांच एवं उपचार की मांग रखी गई थी।

17 मई को कलेक्टर संबित मिश्रा एवं सीईओ जिला पंचायत हेमंत रमेश नंदनवार के निर्देश पर मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉक्टर बीआर पुजारी के मार्ग दर्शन एवं खण्ड चिकित्सा अधिकारी उसूर एवं जिला कार्यक्रम प्रबंधक वरूण साहू के सहयोग से डॉ. गौरी शिवा चिकित्सा अधिकारी बासागुड़ा की अगुवाई में जिला चिकित्सालय के नेत्र सहायक अधिकारी अर्जुन प्रधान एवं टीम द्वारा नेत्र जांच एवं निशुल्क स्वास्थ्य शिविर का आयोजन किया गया। जिसमें कुल मरीज 125, नेत्रजांच 28, मोतियाबिंद के 21, दूरदृष्टि दोष चश्मा 7, बीपी जांच 52, बीपी मरीज 2, सुगरजांच 52, आरडीटी 110, पाजिटिव 2, अन्य. 15, आयुष्मान कार्ड (से 5 वर्ष) 5, पोष्ट बैंक खाता 9, कार्ड 23, आधार कार्ड पंजीयन कराया गया।

# एनीकट निर्माण को लेकर ग्रामीणों ने सौंपा ज्ञापन

हरिभूमि न्यूज ▶▶ घाटलोहंगा



बस्तर ब्लॉक के ग्राम भैंसगांव के सौरापाल में प्रस्तावित एनीकट डेम के निर्माण स्थल परिवर्तन को लेकर आक्रोषित ग्रामीणों ने अपनी आपत्ति दर्ज कराई है। उनका कहना है कि डेम को सौरापाल से राजपुर में

■ **सौरापाल भूमि पूजन स्थल छोड़कर जंगल में किया जा रहा निर्माण**

बनाया जाता है तो इससे सौरापाल के हितग्राही किसान सिंचित क्षेत्र से वंचित हो जाएंगे। ग्रामीणों ने मांग की है कि डेम को पुनः सौरापाल घाट में ही बनाया जाए, जिससे लगभग 282 हेक्टेयर भूमि में सिंचाई हो सके और सौरापाल के किसानों को लाभ मिल सके। सरपंच भैंसगांव मदनराम बघेल ने बताया कि प्रस्तावित स्थल से बिना ग्रामसभा को सूचना दिए स्थल परिवर्तन कर डेढ़ किलोमीटर दूर मधोता जंगल राजपुर क्षेत्र में डेम का निर्माण किया जा रहा है। जिससे किसानों को नुकसान होगा। ग्रामीणों ने इस संबंध में बस्तर तहसीलदार को ज्ञापन सौंपा है और मांग की है कि प्रस्तावित एनीकट को निरस्त किया जाए और ग्रामसभा की सहमति के बाद ही निर्माण कार्य किया जाए। भैंसगांव के सरपंच मदनराम बघेल ने बताया कि 2019-20 में सौरापाल में स्टाप डैम का स्वीकृति करवाया गया था, लेकिन शासन के द्वारा स्थल परिवर्तन कर दूसरे ग्राम मधोता जंगल में डैम निर्माण किया जा रहा है। ग्राम वासियों से बगैर पूछे दूसरे जगह निर्माण करने के कारण उसके विरोध में तहसीलदार को ज्ञापन सौपा गया। ग्राम मधोता के ग्रामीण नड़गु रामनाग ने जानकारी में बताया कि सौरापाल में भूमिपूजन हुआ था, उसी स्थल पर डैम निर्माण किया जाए। स्थल परिवर्तन कर जंगल में बनाया जा रहा है, जिससे किसानों को नुकसान है और सिंचाई सुविधा का लाभ नहीं मिलेगा।

इस दौरान भैंसगांव, सौरापाल, रोतमा, मधोता, कुंडगुड़ा के बड़ी संख्या में ग्रामीण पहुंचे थे, जिनमें जिला पंचायत पूर्व उपाध्यक्ष मनीराम कश्यप, भाजपा मंडल अध्यक्ष सुखदेव मंडावी, रामानंद मिश्रा, सरपंच ईश्वर मंडावी, मदन राम बघेल, कलावती मांझी, उपसरपंच रमेश मांझी, जयदेव यादव, नड़गू राम नाग,चमरू यादव, जम्मू सिंह ठाकुर, सोनसाय नाग, सायतो कश्यप, पीलूराम सेठिया, रियतुराम बघेल, सुकलधर बघेल, जयमन बघेल, मंधर बघेल, रायधर बघेल सहित बड़ी संख्या में ग्रामीण ज्ञापन सौंपने पहुंचे थे।

# कांग्रेस ने बढ़ती बिजली समस्या को लेकर निकाली रैली, सौंपा ज्ञापन

हरिभूमि न्यूज ▶▶ जगदलपुर।





शहर में अघोषित बिजली कटौती, लगातार बढ़ती बिजली समस्या को लेकर बस्तर जिला कांग्रेस कमेटी शहर अध्यक्ष सुशील मौर्य के नेतृत्व में पदाधिकारी व कार्यकर्ताओं ने रैली निकालकर बिजली विभाग को ज्ञापन सौंपा है। ज्ञापन में बताया गया कि भाजपा सरकार आने के बाद से लगातार बिजली समस्या से जनता परेशान है। सरकार बनने के बाद विगत डेढ़ वर्ष से अघोषित बिजली कटौतीव अनियमित आपूर्ति से परेशान है।शहर में आए दिन बिना किसी सूचना के घंटों बिजली गुल कर दी जाती है, जिसके कारण व्यापारी, रोज काम करने वाले मजदूर, किसान, श्रमिक, पढ़ाई करने वाले बच्चों से लेकर वृद्धजन सहित हर वर्ग परेशान है। पूर्व विधायक रेखचंद जैन ने बताया कि शहर में विद्युत व्यवस्था सुचारू रूप से संचालित करने, घंटों बिजली गुल समस्या से राहत देते हुए आम जनता को अघोषित बिजली गुल से निजात मिले। घंटों बिजली गुल से आमजनता को परेशान करने का विद्युत विभाग ने ठेका ले लिया है। विभाग द्वारा जारी नंबर ज्यादातर बंद रहता है। अधिकारी कहते है कि मेंटनेस किया जा रहा है। जनता की समस्या सुनने वाला कोई नहीं क्योंकि यहां के विधायक व सांसद को शहर से कोई मतलब ही नहीं है। आने वाले समय में कांग्रेस जनहित मुद्दें को लेकर आम जनता के साथ उग्र प्रदर्शन करने बाध्य होगा।

***ये रहे मौजूद***

*इस दौरान नेता प्रतिपक्ष राजेश चौधरी, उपनेता प्रतिपक्ष कोमल सेना, महिला अध्यक्ष लता निषाद, कविता साहू, राजेश राय, गौरनाथ नाग, रविशंकर तिवारी, एम वेंकट राव,महामंत्री जाहिद हुसैन, निकेत झा,असीम सुता, युंका अध्यक्ष अजय बिसाई,अभिषेक डेविड, संदीप दास,अनुराग महतो, विक्रांत सिंह,सायमा अशरफ,पार्षद सूयापानी, राकेश मौर,अफरोज बेगम, गौतम पाणिग्रही, लोकेश चौधरी,शुभम यदु, जस्टिन भवानी,आभास महंती,ललिता राव, कमलेश पाठक, जयंती केरकेट्टा,एस नीला, राजेंद्र पटवा, दंतेश्वर राव,आदर्श दलाई, शादाब अहमद आदि मौजूद रहे।*

**खबर संक्षेप**

### लोहण्डीगुड़ा, दरभा में हुआ समाधान शिविर

**जगदलपुर।** विकासखण्ड लोहण्डीगुड़ा के तहत ग्राम पंचायत छिंदबहार में आयोजित समाधान शिविर में सम्मिलित ग्राम -दाबपाल, कोठियागुड़ा, छोटे परोदा, बड़े परोदा, चालकीगुडा, गढ़िया, बाधनपाल, तुर्रेमारका, छिन्दबहार, करकापाल, एरण्डवाल, नेगानार, इरिकपाल, मांदर, तारागांव शामिल है। इस शिविर में 5162 आवेदन प्राप्त हुए।

**निधन**

### कार्तिक राम रावटे



**दुर्गूकोंदल।** विकासखंड दुर्गूकोंदल अंतर्गत ग्राम पंचायत हाटकोंदल के आश्रित ग्राम बरगांव निवासी 63 वर्षीय कार्तिक राम रावटे का आकस्मिक निधन हो गया। वे भाजपा मंडल दुर्गूकोंदल के पूर्व मंडल अध्यक्ष थे। ग्राम प्रमुख व शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय हाटकोंदल के शाला प्रबंध समिति के अध्यक्ष भी थे।

### अवधराम रावटे



**दुर्गूकोंदल।** विकासखंड दुर्गूकोदल अंतर्गत ग्राम चेमल निवासी अवधराम रावटे उम्र 38 वर्ष का आकस्मिक निधन हो गया। वे पुष्प स्टील चेमल माइंस में कार्य करते थे। अचानक चक्कर आने के कारण उसका निधन हो गया।

**तैयारी :** प्रोटोकॉल के अनुरूप सभी आवश्यक व्यवस्थाएं करेंगे सुनिश्चित

# राज्यपाल के प्रवास को लेकर कलेक्टर ने विभिन्न विभागों को सौंपा कार्य दायित्व

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कांकेर

छत्तीसगढ़ के राज्यपाल रमेन डेका आज से दो दिनों के लिए कांकेर प्रवास पर रहेंगे। उनके दो दिवसीय प्रवास के दौरान समस्त प्रशासनिक दायित्वों का निर्वहन करने तथा आवश्यक व्यवस्था सुनिश्चित करने के लिए कलेक्टर निलेशकुमार महादेव क्षीरसागर ने आदेश जारी कर अनुविभागीय अधिकारी राजस्व कांकेर को नोडल अधिकारी नियुक्त करते हुए अधिकारियों को दायित्व सौंपा है। कलेक्टर ने 20 मई को सुबह 10 बजे कलेक्टोरेट सभाकक्ष में अधिकारियों की बैठक लेकर उन्हें सौंपे गए दायित्वों का अक्षरशः पालन करने तथा सतर्कता व सजगता के साथ निर्वहन करने के निर्देश दिए। इसके साथ ही राज्यपाल के प्रोटोकॉल के अनुरूप सभी आवश्यक व्यवस्थाएं सुनिश्चित करने हेतु सभी अधिकारियों को निर्देशित किया।कलेक्टर ने वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक को सम्पूर्ण सुरक्षा व्यवस्था एवं राज्यपाल द्वारा किए जाने वाले वृक्षारोपण के लिए आवश्यक तैयारी के लिए वनमण्डलाधिकारी कांकेर को दायित्व सौंपा है। इसी प्रकार राज्यपाल के सम्पूर्ण प्रवास



के दौरान शांति एवं सुरक्षा व्यवस्था एवं पास की व्यवस्था के लिए एसडीएम अरूण वर्मा तथा लोक निर्माण विभाग के कार्यपालन अभियंता केके सरल को अधिकारी-कर्मचारियों के लिए आवश्यक सत्कार व्यवस्था जैसे सर्किट हाउस में भोजन एवं ठहरने की व्यवस्था, चूना मार्किंग, आवश्यक टेंट, कुर्सी की व्यवस्था की जिम्मेदारी दी गई है। कार्यपालन अभियंता विद्युत विभाग सतीश किण्डो को प्रवास के दौरान निर्बाध विद्युत आपूर्ति हेतु, विद्युत यांत्रिकी लोक निर्माण विभाग कांकेर के कार्यपालन अभियंता राजेश टोप्पो को माइक, ध्वनि विस्तार यंत्र एवं एलईडी व्यवस्था, सहायक संचालक उद्यानिकी करण सोनकर को स्वागत संबंधी व्यवस्था, खनिज अधिकारी सनत साहू को राज्यपाल हेतु स्मृति चिन्ह की व्यवस्था, डीआईओ एनआईसी रोहित असवाल, ई-डिस्ट्रिक्ट प्रबंधक घनश्याम साहू को कम्प्यूटर एवं इंटरनेट, वाई-फाई कनेक्शन की व्यवस्था करने का दायित्व सौंपा गया है।

जिला नगर सेनानी संजय मिश्रा को फायर ब्रिगेड एवं होम गॉर्ड संबंधी व्यवस्था, मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ महेश सांडिया को राज्यपाल के संपूर्ण प्रवास के दौरान आवश्यक चिकित्सकीय व्यवस्था एवं लिबरी टेस्ट, जनपद सीईओ को प्रधानमंत्री आवास योजना (ग्रा.) के निरीक्षण की संपूर्ण व्यवस्था, कार्यपालन अभियंता जल संसाधन विभाग धर्मेन्द्र मेश्राम को अन्य आवश्यक व्यवस्था सौंपी गई है। जिला पंचायत के सभाकक्ष में उप संचालक पंचायत कमल सिदार को जिला पंचायत में बैठक की संपूर्ण व्यवस्था, प्रधानमंत्री ग्राम सड़क योजना के कार्यपालन अभियंता डिकेश कोमा को जिला पंचायत सभाकक्ष बैठक में राज्यपाल एवं अधिकारी-कर्मचारियों हेतु संपूर्ण जलपान की व्यवस्था की जिम्मेदारी सौंपी गई है। इसके अतिरिक्त ग्रामीण यांत्रिकी सेवा संभाग ए.के. सिंह कार्यपालन अभियंता, लोक निर्माण विभाग के कार्यपालन अभियंता (वि./यां.) राजेश टोप्पो, वरिष्ठ कृषि वैज्ञानिक बीरबल साहू, आदिवासी विकास विभाग सहायक संचालक जया मनु, सहायक परियोजना अधिकारी युवराज सलाम को कृषि विज्ञान केन्द्र, जिला शिक्षा अधिकारी अशोक पटेल, जिला मिशन समन्वयक रवि मिश्रा, सहा. परि. समन्वयक नवनीत पटेल को सेंट्रल लाईब्रेरी में सम्पूर्ण व्यवस्था और मुख्य नगर पालिका अधिकारी सोहेल कुमार को समस्त स्थलों सहित सेन्ट्रल लाईब्रेरी की साफ-सफाई का कार्य सौंपा गया है।

# अवैध रेत उत्खनन पर हो सख्त कार्रवाई : चंदन



हरिभूमि न्यूज ▶▶| जगदलपुर

पूर्व विधायक चंदन कश्यप सोमवार को नारायणपुर विधानसभा क्षेत्र के बस्तर विकासखंड व भानपुरी थाना क्षेत्र के अंतर्गत ग्राम पंचायत बड़े आमाबाल के आश्रित ग्राम सल्पीपदर में स्थानीय कांग्रेस कार्यकताअरं व ग्रामीणों से भेंट करने गए हुए थे। इस दौरान ग्रामीणों की शिकायत पर नदी में चल रहे अवैध रेत उत्खनन स्थल पर जाकर वस्तुस्थिति से अवगत हुए। पूर्व विधायक ने नाराजगी जताते हुए कहा कि आखिर ये अवैध रेत उत्खनन किसके संरक्षण मे हो रहा है ना तो ग्राम सभा की ना ही प्रशासन की अनुमती मिली हैं। उन्होंने अवैध रेत परिवहन में लगी वाहन के बारे मे पता किया तो वन मंत्री एवं स्थानीय विधायक केदार कश्यप की भाभी वेदवती कश्यप के नाम पर होना बताया गया जो कि वर्तमान मे जिला पंचायत बस्तर की अध्यक्ष है। चंदन कश्यप ने आरोप लगाते हुए कहा कि जब छोटे ट्रेक्टर वाले या कोई अन्य लोग निजी उपयोग के लिए रेत निकालते है तो नियमों का हवाला देकर खनिज विभाग के अधिकारी उनके ऊपर कार्यवाही करते हैं। अब देखने वाली बात है कि क्या विभाग इस पर नियमानुसार अनुशासनात्मक कार्यवाही करेगा अथवा सत्तारूढ़ पार्टी के नेताओं के दबाव में लिपापोती करेगा।

उन्होंने कहा कि पूरे प्रदेश मे लगातार अवैध रेत उत्खनन की शिकायतें आ रहीं है कि सरकार सोयी हुई है। यह केवल सुशासन तिहार के नाम पर लोगों का ध्यान भटकाने का कार्य कर रहीं है। बीते दिन प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष दीपक बैज ने भी अवैध रेत उत्खनन का मामला उठा था किन्तु कार्यवाही नही हुयी। क्योंकि भाजपा के संरक्षण मे यह हो रहा है। उन्होंने कहा कलेक्टर, बस्तर के एसडीएम, तहसीलदार, भानपुरी पुलिस थाना के टीआई को इस अवैध रेत परिवहन के सम्बन्ध में अवगत कराने के बावजूद भी अभी तक सम्बंधित अधिकारियों द्वारा प्रकरण दर्ज किया गया है या न ही उचित कार्रवाई भी नहीं की गई है।

# निर्माण कार्य में लगे 55 में 22 मिले नाबालिग, की गई कार्रवाई

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बीजापुर

कलेक्टर संबित मिश्रा के निर्देशन पर महिला एवं बाल विकास, श्रम विभाग, पुलिस विभाग के संयुक्त टीम द्वारा जिले में बाल श्रम रोकथाम

- **बिना श्रम विभाग से अनुज्ञप्ति प्राप्त किये कार्य कराया जा रहा**



हेतु नियमित रूप से जन-जागरूकता अभियान ग्राम पंचायतो में शिविर, आंगनबाड़ी केन्द्रों के माध्यम एवं स्कूल, कॉलेजों में जागरूकता अभियान कार्यक्रम कर बाल श्रम, बाल विवाह मुक्त जिला बनाने के लिए वृहद स्तर पर अभियान चलाया जा रहा है। अभियान में बीजादूतीर किशोर-किशोरियों का भी विशेष सहयोग प्राप्त हो रहा है। जिसका व्यापक असर देखने को मिल जागरूक नागरिकों द्वारा समय-समय पर सूचनाएं भी दी जा रही जिसका संज्ञान लेकर विभागीय अमलों द्वारा त्वरित कार्रवाई की जा रही है। इसी तरह फोन कॉल के माध्यम से नगरीय क्षेत्र के महादेव तालाब सौंदर्यीकरण कार्य में बाल श्रमिक द्वारा कार्य कराये जाने की सूचना प्राप्त हुई जिस पर संयुक्त टीम महिला एवं बाल विकास, श्रम विभाग, पुलिस विभाग द्वारा छापामारी की कार्यवाही की गई छापामारी के दौरान पाया गया कि नियोजक कीर्ति कन्ट्रक्शन द्वारा कराये जा रहे कार्य में 55 लोग कार्यरत थे। उक्त कार्यरत व्यक्तियों में से कुल 22 बच्चो (11 नाबालिग बालक एवं 11 बालिकाओं) को चिन्हांकित किया गया। जिनका उम्र 18 वर्ष से कम पाया गया, जिनमें से लगभग 8 बच्चें जिनका उम्र 14 वर्ष के आसपास होना पाया गया। मौके पर उपस्थित नियोजक कीर्ति कन्ट्रक्शन के इंजीनियर देवेन्द्र साहू द्वारा पूछा गया कि उक्त निर्माण कार्य में नाबालिग बच्चों का नियोजन क्यों किया गया है नियोजन से पूर्व उम्र का सत्यापन दस्तावेज के माध्यम से क्यों नही किया गया है। इस संबंध में देवेन्द्र साहू द्वारा जानकारी देने से बचते रहे। जबकि कीर्ति कन्ट्रक्शन को श्रम विभाग द्वारा पूर्व में भी सचेत किया गया था कि श्रम विभाग से अनुज्ञप्ति प्राप्त करे एवं बाल श्रमिक नियोजन में न ले फिर भी कीर्ति कन्ट्रक्शन द्वारा 50 से अधिक लोगो द्वारा कार्य बिना श्रम विभाग से अनुज्ञप्ति प्राप्त किये कार्य कराया जा रहा है। साथ ही नाबालिग बच्चों को श्रम में नियोजन किया है जो कि बालक और किशोर (प्रतिषेध विनियम) अधिनियम 1986 एवं किशोर न्याय (बालकों की देखरेख एवं संरक्षण अधिनियम) 2015 का उल्लघन है। छापामारी के दौरान रेस्क्यू किये गए सभी बच्चों को बालक कल्याण समिति में प्रस्तुत कर, अस्थायी रूप से बालकों को बालगृह टुमारोज फाउंडेशन एवं बालिकाओं को सखी सेंटर संदर्भित किया गया है।

परिवार को सूचित किया गया है कि सभी बच्चों के उम्र सत्यापन हेतु दस्तावेज (आधार कार्ड, अंकसूची, जन्म प्रमाण पत्र, के साथ बालक कल्याण समिति में बुधवार को उपस्थित होगें। ताकि बच्चों का पुर्नवास संबंधित कार्यवाही किया जा सके एवं बच्चों को शिक्षा से जोड़ा जा सके। छापामारी के दौरान श्रम निरीक्षक सोपान कर्णेवार, जिला बाल संरक्षण अधिकारी राहुल कौशिक, संरक्षण अधिकारी नवीन मिश्रा एवं पुलिस विभाग की टीम उपस्थित रहे।

# बीमा कंपनी अदा करेगी 22 लाख की क्षतिपूर्ति

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जगदलपुर

जिला उपभोक्ता आयोग द्वारा एक प्रकरण में मैग्मा एचडीआई जनरल इंश्योरेंस कंपनी लिमिटेड रायपुर द्वारा आवेदिका को 22 लाख रुपए की क्षतिपूर्ति एवं मानसिक पीड़ा पर 10 हजार रूपए का जुर्माना किया। उक्त

- **जिला उपभोक्ता आयोग ने किया 10 हजार का जुर्माना**

आदेश आयोग की अध्यक्ष सुजाता जसवाल, सदस्य आलोक कुमार दुबे और सीमा गोलछा की संयुक्त खंडपीठ ने जारी किया।

न्यायालयीन सूत्रों से प्राप्त जानकारी के अनुसार शहर निवासी भावना यादव द्वारा अपने जीव कोपार्जन हेतु श्रीराम ट्रांसपोर्ट एंड फाइनेंस कंपनी से वित्तीय सहायता प्राप्त कर एक सेकंड हैंड ट्रक क्रय किया गया था, जिसका बीमा मैग्मा एचडीआई जनरल इंश्योरेंस कंपनी




लिमिटेड रायपुर के द्वारा किया गया था। आवेदिका का ट्रक एक सड़क दुर्घटना में पूरी तरह से क्षतिग्रस्त हो गई थी, जिसकी सूचना आवेदिका द्वारा थाना बोधघाट में एवं बीमा कंपनी को प्रदान की गई थी। इस पर बीमा कंपनी द्वारा क्षतिग्रस्त वाहन का स्पॉट सर्वे एवं फाइनल सर्वे करवाया गया था। बीमा कंपनी ने आवेदिका द्वारा दस्तावेज उपलब्ध ना करवाए जाने के कारण क्षतिदावा निराकृत नहीं किए जाने का आक्षेप लिया था। इससे क्षुब्ध होकर आवेदिका द्वारा जिला उपभोक्ता आयोग के समक्ष शिकायत पेश की गई थी। जिस पर सुनवाई करते हुए जिला उपभोक्ता आयोग ने यह माना कि आवेदिका द्वारा समस्त आवश्यक दस्तावेज बीमा कंपनी को उपलब्ध करवाये जा चुके थे और बीमा कंपनी के द्वारा ऐसे दस्तावेजों की मांग की जा रही थी जो दावे के निराकरण के लिए आवश्यक दस्तावेज नहीं थे। इस संबंध में भारतीय विनियामक एवं विकास प्राधिकरण द्वारा जारी परिपत्र में स्पष्ट किया गया है कि बीमा कंपनियां किसी भी दावे को दस्तावेज के अभाव में खारिज नहीं कर सकती हैं और बीमा कंपनियों को निर्देशित किया गया है कि वह ग्राहकों को पॉलिसी जारी करते समय सभी आवश्यक दस्तावेज एकत्रित कर ले। लंबे समय तक का आवेदिका को क्षतिपूर्ति दावे का भुगतान नहीं किए जाने के कारण आवेदिका को हुई मानसिक क्षति हेतु पृथक से 10 हजार रूपए दिए जाने का भी आदेश पारित किया गया है।

# आदिवासी जनजातियों की सांस्कृतिक परंपराओं का किया गया प्रदर्शन

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जगदलपुर

कांगेर घाटी राष्ट्रीय उद्यान के सहयोग से भारतीय मानवविज्ञान सर्वेक्षण उप क्षेत्रीय केंद्र द्वारा हाल ही में अंतरराष्ट्रीय संग्रहालय दिवस पर जनजातीय संस्कृति पर

- **तीरथगढ़ में संग्रहालय दिवस पर हुई जनजातीय संस्कृति प्रदर्शनी**



आधारित प्रादर्श एवं फोटोग्रॉफिक प्रदर्शनी का आयोजन तीरथगढ़ में किया गया। प्रदर्शनी बस्तर क्षेत्र की आदिवासी जनजातियों की समृद्ध सांस्कृतिक परंपराओं, कलात्मक विविधताओं एवं विरासत को उजागर करने हेतु आयोजित की गई। प्रदर्शनी में मुख्य अतिथि वन विभाग जगदलपुर वृत्त मुख्य वन संरक्षक आरसी दुग्गा, मानव विज्ञानी (सांस्कृतिक) अधीक्षक डॉ. पियूष रंजन साहू, भारतीय मानवविज्ञान सर्वेक्षण तथा बस्तर विश्वविद्यालय के प्राध्यापक शामिल रहे। कार्यक्रम में तीरथगढ़ ग्राम पंचायत के सरपंच, स्थानीय ग्रामीण, वन विभाग के अधिकारी एवं कर्मचारी, इको-डेवलपमेंट कमेटी के सदस्य, विश्वविद्यालय के छात्रों एवं शोधार्थियों ने सक्रिय भागीदारी की। प्रदर्शनी का प्रमुख उद्देश्य पर्यटकों को बस्तर की समृद्ध, विविध और जीवंत जनजातीय धरोहर के प्रति जागरूक करना रहा एवं प्रदर्शनी में गहरी रुचि दिखाई। बस्तर की सांस्कृतिक गरिमा को पहचान दिलाने एवं जनजातीय समुदायों की विरासत को संरक्षित करने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम रहा।

# रिफ्रेशर कोर्स में अव्वल रहने वाले पुलिस कर्मियों का सम्मान

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जगदलपुर

पुलिस विभाग में पदस्थ प्रधान आरक्षक व एएसआई के लिए आयोजित रिफ्रेशर कोर्स में अव्वल रहने वाले प्रतिभागियों को पुलिस

- **अपराध विवेचना, अन्वेषण, रोजनामचा लेखन, बीएनएस, साइबर क्राइम, एफएलएस साक्ष्य, समंस, वारंट व वीआईपी सिक्योरिटी, कानून व्यवस्था की दी गई जानकारी**



कप्तान द्वारा प्रमाणपत्र देकर सम्मानित किया गया। रिफ्रेशर कोर्स में पुलिस कर्मियों को विभाग से जुड़े विभीन्न विधाओं की जानकारी देते हुए परीक्षा आयोजित की जाती है। रिफ्रेशर कोर्स के सातवें सत्र के समापन अवसर पर कार्यक्रम आयोजित किया गया था।

एसपी शलभ कुमार सिन्हा द्वारा प्रधान आरक्षकों व सहायक उप निरीक्षकों के लिए चलाए जा रहे रिफ्रेशर कोर्स के सप्तम सत्र के समापन अवसर पर आयोजित कार्यक्रम में प्रथम, द्वितीय एवं तृतीय स्थान प्राप्त करने वाले पुलिस अधिकारियों को प्रमाण पत्र दे कर सम्मानित किया गया।

एसपी ने बताया कि सात दिवसीय आयोजित रिफ्रेशर कोर्स के दौरान प्रधान आरक्षकों व एएसआई को अपराध विवेचना के अलावा अन्वेषण, रोजनामचा लेखन, नवीन कानूनो के संबंध में जानकारी, साइबर क्राइम, एफएसएल साक्ष्य साक्षय संबंधित जानकारी, सीसीटीएनएस समंस, वारंट, एनडीपीएस, वीआईपी सिक्योरिटी, कानून व्यवस्था के संबंध में जानकारी देकर प्रशिक्षित किया जाता है। इसके साथ ही दैनिक पीटी, ड्रिल, योगाभ्यास एवं खेलकूद का भी आयोजन किया जाता है। सातवें सत्र में प्रथम स्थान प्राप्त करने वाले केतनराम कश्यप डीएसबी शाखा, द्वितीय स्थान पर रहे राधेलाल कोर्राम थाना भानपुरी व तीसरे स्थान पर रहे कोतवाली थाना में पदस्थ विनय सिंह ठाकुर व अन्य प्रतिभागियों को एसपी द्वारा सम्मानित किया गया। सभी पुलिस अधिकारियों को शुभकामनाएं देते हुए सभी को व्यावसायिक कौशल के बेहतरी के लिए लगातार प्रयासरत रहने निर्देशित किया गया।

### परशुराम जन्मोत्सव पर हुआ भंडारा

**बीजापुर।** भगवान परशुराम का जन्मोत्सव बड़े ही धूमधाम के साथ प्रगतिशील ब्राह्मण समाज के द्वारा मनाया गया। समाज के संगठन मंत्री रमन झा ने बताया कि अक्षय तृतीया के दिन भगवान परशुराम का जन्म प्रदोष काल में हुआ था, ऐसे में वैशाख तृतीया तिथि और प्रदोष काल में भगवान परशुराम का जन्मोत्सव मनाया जाता है। इस शुभ अवसर पर जिला बीजापुर में ब्राह्मण समाज हेतु आरक्षित भूमि पर भगवान परशुराम का पूजन अर्चन किया गया।

तुरंत आराम के लिए
तुलसी आयुर्वेदिक चिकित्सालय
पता - तुलसी निवास, बस स्टैंड के पीछे, उपाध्याय नर्सिंग होम के सामने, धमतरी मो.नं. : 9993010732
लकवा रोग, वातरोग - सभी प्रकार के दर्द, गठियाबात, साइटिका, झुनझुनी वात, कमरदर्द, घुटना दर्द, अकड़न, नस रोग का इलाज
चर्मरोग - दाद, खुजली, बेमची, मुंह में छाला होना का इलाज
पेट रोग - कब्ज, गैस, भूख न लगना, खट्टी डकार आना का इलाज
बवासीर - मस्सा होना, खून निकलना, खुजली होना का इलाज
पुरूष रोग - धातुस्राव, शीघ्रपतन व कमजोरी का इलाज
स्त्री रोग - लाल, सफेद पानी आना, मासिक रुकावट का इलाज
बुखार, खांसी, स्वांसरोग, मूत्ररोग, केशरोग, दांतरोग का इलाज

# धर्मनाथ जिनालाय की 50वीं वर्षगांठ पर गुरु भगवंतों का नगर प्रवेश

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जगदलपुर

शहर स्थित जैन मंदिर श्री धर्मनाथ जिनालय की 50वीं वर्षगांठ मनाने व महोत्सव को अपनी निश्रा प्रदान करने उपाध्याय प्रवर महेन्द्र सागर जी मसा, मनीष सागर जी मसा के सुशीष्य विवेक सागर जी मसा आदि ठाणा 4 का सोमवार को नगर प्रवेश हुआ। पूज्य गुरु भगवंत प्रातः 8.30 बजे श्री सिमन्धर स्वामी मंदिर से रवाना होकर श्री धर्मनाथ जिनालाय पहुंचे। आपके साथ बड़ी संख्या में श्री श्वेताम्बर जैन समाज के अनुयायी भी थे। रास्ते में जगह जगह आपका वंदन अभिनन्दन किया गया। श्री धर्मनाथ जिनालय पहुंचकर प्रभु दर्शन के पश्चात स्वागत समारोह ज्ञान वल्लभ आराधना



हॉल में आयोजित किया गया। महिला मंडल के द्वारा प्रस्तुत स्वागत गीत के पश्चात श्री श्वेताम्बर जैन समाज के अध्यक्ष भंवर बोथरा ने स्वागत भाषण में गुरु भगवंतों के प्रति कृतज्ञता ज्ञापित की कि संघ की विनती स्वीकार कर आयोजन को निश्रा प्रदान करने आप उग्र विहार कर जगदलपुर पधारे। आगे कहा कि इस अभूतपूर्व अवसर को हमें मिलकर धूमधाम से मनाना है। परम पूज्य विवेक सागर जी मसा ने अपने उद्बोधन में कहा कि 50 वर्ष पूर्व मंदिर की प्रतिष्ठा के बाद धर्मनाथ दादा की कृपा से समाज ने बहुत उन्नति की है। मैंने भी जब जगदलपुर प्रवास में प्रभु की सेवा पूजा की थी तब अगले ही वर्ष जीवन में दीक्षा का सुयोग मिला और संयम मार्ग का आराधक बन गया।श्री ऋषभ सागर जी मसा ने बताया कि स्वर्ण जयंती निमित्त पंचान्हिका महोत्सव से पहले 5 दिनों का ज्ञान शिविर होगा जिसमें परिवार में बेहतर सामंजस्य, बेहतर तालमेल कैसे हो जैसे विषयों को जानेंगे ताकि हम प्रसन्नता के साथ धर्म मार्ग की ओर अग्रसर हो सकें। अंत में श्री जैन श्वेताम्बर मंदिर ट्रस्ट के अध्यक्ष विनोद डाकलिया ने ज्ञान शिविर व मंदिर जी की वर्षगांठ के कार्यक्रमों की विस्तृत जानकारी देते हुए सभी से इसे सफल बनाने में सहयोग देने की अपील की और आज के कार्यक्रम में उपस्थिति हेतु सबका आभार माना।

online Booking:-www.tripuryatra.com

सुविधा ज्यादा सबसे कम राशि पर
स्लीपर मात्र 20,500/-
By Train-रिजर्वेशन कोच (14 दिन)
02 जून, 15 जून, 14 अगस्त,
04 सितम्बर, 27 सितम्बर, 03 अक्टूबर 2025
चार धाम यात्रा
श्री केदार नाथ, श्री बद्रीनाथ, श्री गंगोत्री,
श्री यमुनोत्री, श्री हरिद्वार, श्री ऋषिकेश
चार धाम यात्रा के इंडिविजुअल (व्यक्तिगत) पैकेज के लिए संपर्क करें।
(इन्क्लुड - इनोवा क्रिस्टा, स्विफ्ट डिजायर, टेम्पो ट्रैवलर, होटल, ब्रेकफास्ट एंड डिनर)
राशि:-स्लीपर-20,500/-, 3 एसी- 29,500/-, 2 एसी- 35,500/- (+5%GST)
Since-2007
श्री त्रिपुर तीर्थ यात्रा सेवा समिति
RAIPUR- D-36, Sector-4, Kamal Vihar, KORBA- Shop No. 301,302,303 S.S. Plaza, Power House Road
संपर्क करें:-7354-411411